रविवार, 11 मई 2025

मौसम

तापमान 40 – 29
आर्द्रता 75%
सूर्योदयः 4:58 सूर्यास्तः 18:07

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

ऑपरेशन सिंदूर


स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : कमाई कम या ज्यादा हो सकती है, लेकिन हर घर में रोटी का साइज एक ही है..!!

# नहीं सुधरा पाकिस्तान!

## कुछ ही घंटों में किया सीजफायर का उल्लंघन




**नयी दिल्ली :** भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर के कुछ ही घंटे बाद पाकिस्तान की ओर से कई जगहों पर सीजफायर का उल्लंघन किया गया। इसको लेकर विदेश मंत्रालय ने रात करीब 11 बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। विदेश सचिन विक्रम मिसरी ने कहा कि पिछले कुछ घंटों से इस समझौते का पाकिस्तान की ओर से घोर उल्लंघन हो रहा है। भारतीय सेना कार्रवाई कर रही है और इस सीमा अतिक्रमण से निपट रही है। ये अतिक्रमण पाकिस्तान की तरफ से किया जा रहा है। हमारा मानना है कि पाकिस्तान ठीक से समझे और इस पर तुरंत कार्रवाई करें। सेना ने इस स्थिति पर नजर रखी हुई है और सेना को ठोस और सख्त कदम उठाने के आदेश दे दिए गए हैं।

बता दें कि भारत-पाकिस्तान के बीच 86 घंटों तक चला युद्ध शनिवार शाम 5 बजे खत्म हो गया। जब दोनों देशों के बीच सीजफायर पर सहमति बन गई। लेकिन चार घंटे में ही पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन किया गया। जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से पाकिस्तान की उकसावेभरी गतिविधियां एक बार फिर तेज़ हो गई हैं। शनिवार रात को पाकिस्तान ने कई इलाकों में संघर्षविराम का उल्लंघन करते हुए भारी गोलाबारी की, वहीं एक संदिग्ध ड्रोन को लेकर कश्मीर के बारामूला जिले में धमाका हुआ था। बता दें कि भारत-पाकिस्तान के बीच अब युद्धविराम हो गया है। इसकी जानकारी देते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि आज दोपहर 3.35 बजे दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच बातचीत हुई थी। इसमें फैसला लिया गया था कि आज शाम 5 बजे से दोनों देश आकाश, जल, और थल पर तत्काल हमले रोक देंगे। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच सीजफायर हो गया है। मिसरी ने कहा कि 12 मई को दोनों देशों के अधिकारी आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे।

## पाकिस्तान की तरफ से युद्धविराम का घोर उल्लंघन, सेना को सख्त कदम उठाने के निर्देश: विदेश मंत्रालय

## भारत ने 6 पाकिस्तानी एयरबेस को किया तबाह, एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम सुरक्षित



पाकिस्तानी सेना ने अपने तीन एयरबेस पर भारत की ओर से मिसाइल अटैक किए जाने का दावा किया है। पाकिस्तानी सेना के इस दावे पर भारत की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कर्नल सोफिया कुरैशी ने इस दौरान बताया कि पाकिस्तान सेना ने पूरी पश्चिम सीमा पर लगातार आक्रामक गतिविधियां जारी रखीं। इसमें ड्रोन्स और अन्य लड़ाकू विमानों का उपयोग करके भारतीय सैन्य ढांचे को निशाना बनाया। नियंत्रण रेखा पर भी भारी कैलिबर और ड्रोन हथियारों से गोलाबारी की। भारतीय सशस्त्र बलों ने अधिकांश खतरों को निष्क्रिय किया। इसके बावजूद उधमपुर, पठानकोट, आदमपुर, भुज, बठिंडा के वायु सेना स्टेशनों को हानि पहुंचाई। पाकिस्तान ने सुबह 1.40 बजे हाई स्पीड मिसाइल का इस्तेमाल करके पंजाब के एयरबेस स्टेशनों को दागने की कोशिश की। पाकिस्तान ने एक निंदनीय कृत्य करते हुए श्रीनगर, अवंतीपुर और उधमपुर में वायु सेना के अड्डों पर चिकित्सा केंद्र और स्कूल परिसर को निशाना बनाया। इससे पाकिस्तान द्वारा सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला करने की गैर जिम्मेदाराना हरकत फिर से उजागर हुई। पाकिस्तान द्वारा सैन्य ठिकानों को जानबूझकर निशाना बनाने के बाद भारतीय सेना ने भी चुनकर सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। इसमें पाक के रफीकी, चकलाला, रहीमयार खान, मुरीद, सुक्कूर और चुनिया स्थित पाक सैन्य ठिकानों पर प्रहार किए गए। इस दौरान भारत ने कम से कम कौलैटरल डैमेज की क्षति सुनिश्चित की।

## जम्मू में पाकिस्तान की ओर से की गई गोलाबारी में प्रशासनिक अधिकारी सहित सात की मौत

**जम्मू :** जम्मू क्षेत्र में शनिवार को पाकिस्तान की ओर से दागे गए मोर्टार और ड्रोन हमलों में जम्मू-कश्मीर सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी और दो सुरक्षा अधिकारियों सहित सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गोलाबारी से प्रभावित आवासीय इलाकों का दौरा किया और हाल में सीमा पार से हुई गोलाबारी में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों के लिए 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। वहीं, पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए और लोगों से नष्ट ड्रोन, मोर्टार के अवशेष से दूर रहने को कहा। जम्मू शहर और संभाग के अन्य प्रमुख कस्बों में सुबह पांच बजे विस्फोट की आवाजें सुनी गईं और सायरन बजने लगे। सीमा पार से हो रही भीषण गोलाबारी के कारण सीमावर्ती इलाकों में निवासी रात भर जागते रहे।

### जम्मू में अखनूर के सामने पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी ठिकाना नष्ट किया गया: बीएसएफ

बीएसएफ ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की ओर से बिना उकसावे के की गई गोलीबारी के जवाब में जम्मू में अखनूर के सामने पाकिस्तानी सीमा क्षेत्र में स्थित एक आतंकवादी ठिकाने को "पूरी तरह से नष्ट" कर दिया। बीएसएफ ने शनिवार को यह जानकारी दी।




## स्थगित की गयी सीए परीक्षाएं अब 16 से 24 मई तक होंगी : आईसीएआई

**नयी दिल्ली :** देश में सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर स्थगित की गई सीए की परीक्षाएं अब 16 से 24 मई तक आयोजित की जाएंगी। 'इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई)' ने शनिवार रात यह घोषणा की। ये परीक्षाएं पहले नौ से 14 मई तक के लिए निर्धारित की गयी थीं। आईसीएआई ने इसी सप्ताह के प्रारंभ में इन परीक्षाओं को स्थगित करने की घोषणा की थी। आईसीएआई ने एक अधिसूचना में कहा, "देश में सुरक्षा स्थिति के घटनाक्रम के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है कि सीए फाइनल, इंटरमीडिएट और आईएनटीटी-एटी (पीक्यूसी) परीक्षाएं जो पहले 9 से 14 मई तक आयोजित होने वाली थीं, अब 16 से 24 मई तक आयोजित की जाएंगी।"

## पाकिस्तान सीमा पर तनाव के बीच गृह सचिव ने की आपात बैठक

### सीमा से सटे राज्यों को अलर्ट रहने के निर्देश

**नयी दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बढ़ते स्वरूप को देखते हुए केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने शनिवार रात को पाकिस्तान से सटे राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना था। सूत्रों के अनुसार, गृह सचिव ने सभी मुख्य सचिवों से कहा कि वे सतर्क रहें और अपने-अपने राज्यों में सिविल डिफेंस व्यवस्था को सक्रिय करें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सीमा पार से कोई फायरिंग या हमला होता है, तो उससे निपटने के लिए पूरी तैयारी रखें।



गोविंद मोहन
केंद्रीय गृह सचिव

## भविष्य में किसी भी आतंकवादी कृत्य को भारत के खिलाफ 'युद्ध की कार्रवाई' माना जायेगा

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शनिवार को निर्णय लिया कि भारत अपनी सरजमीं पर भविष्य में होने वाले किसी भी आतंकवादी हमले को "युद्ध की कार्रवाई" मानेगा और उसी के अनुसार जवाब देगा। शीर्ष आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ संघर्ष के बीच सरकार ने यह स्पष्ट चेतावनी दी है। इस निर्णय के साथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने आतंकवादी घटनाओं के खिलाफ एक स्पष्ट लक्ष्मण रेखा खींचने की कोशिश की है और यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादी फिर से भारत को निशाना बनाते हैं, तो सरकार पहलगाम घटना के बाद जैसी ही सैन्य प्रतिक्रिया देगी। सरकार के इस निर्णय से भविष्य में किसी भी आतंकवादी हमले पर भारत की सख्त प्रतिक्रिया को औपचारिक रूप दिया गया है।

## संघर्ष-विराम की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार शाम रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित शीर्ष सरकारी अधिकारियों के साथ यहां एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक इस घोषणा के बाद हुई कि भारत और पाकिस्तान में सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए सहमति बन गई है। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख भी मौजूद थे।

### सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी

**नयी दिल्ली :** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सिंधु जल संधि को स्थगित करने सहित पाकिस्तान के खिलाफ भारत के दंडात्मक उपाय लागू रहेंगे। सरकारी सूत्रों ने शनिवार को यह बात कही। यह स्पष्टीकरण भारत और पाकिस्तान के बीच गोलीबारी तथा सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनने के बाद आया है। सूत्रों ने बताया कि 23 अप्रैल को पाकिस्तान के खिलाफ भारत द्वारा घोषित कदम प्रभावी रहेंगे। सूत्रों ने कहा कि आतंकवाद को बख्शा नहीं जाएगा और आतंकवाद के संबंध में भारत का संकल्प दृढ़ है। दोनों पक्षों के बीच शत्रुता समाप्त करने के लिए बनी सहमति के बारे में सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान ने इसे द्विपक्षीय व्यवस्था बताया है।

### जम्मू में सैन्य शिविर के बाहर संदिग्ध आतंकवादी के साथ मुठभेड़ में सैनिक घायल

**जम्मू :** जम्मू में शनिवार को एक शिविर के बाहर एक संदिग्ध आतंकवादी के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ में सेना का एक जवान घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इलाके को सुरक्षित करने के लिए व्यापक तलाशी अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि यह घटना शनिवार देर शाम उच्च सुरक्षा वाले नगरोटा इलाके में हुई। जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर की ओर से जारी बयान में कहा गया, नगरोटा सैन्य स्टेशन की सीमा के पास संदिग्ध गतिविधि देखने पर चौकस प्रहरी ने चुनौती दी, जिसके बाद थोड़ी देर के लिए फायरिंग हुई।

## पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने में हम उसके साथ खड़े रहेंगे: चीन

**इस्लामाबाद :** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने शनिवार को कहा कि उनका देश पाकिस्तान की "संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय स्वतंत्रता" को बनाए रखने में उसके साथ खड़ा रहेगा। विदेश कार्यालय के एक बयान के अनुसार, चीनी विदेश मंत्री ने यह टिप्पणी उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इसहाक डार के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान की। बातचीत के दौरान डार ने वांग यी को उभरते क्षेत्रीय हालात से अवगत कराया। वांग यी ने पाकिस्तान के संयम और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उसके जिम्मेदाराना रुख की सराहना की। विदेश कार्यालय ने कहा, "उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि चीन, पाकिस्तान के सदाबहार रणनीतिक सहयोगी साझेदार और दृढ़ मित्र के रूप में, उसकी संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय स्वतंत्रता को बनाए रखने में पाकिस्तान के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा।" इसके अलावा, डार ने संयुक्त अरब अमीरात के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद से भी बात की, जिन्होंने पाकिस्तान और भारत के बीच संघर्षविराम समझौते का स्वागत किया।






## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 11 मई, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, वैशाख शुक्लपक्ष चतुर्दशी, 20:01 तक, नक्षत्र :स्वाति, 30:11 तक, योग : व्यतिपाता, 28:54 तक, सूर्योदय: 4:58, सूर्यास्त: 18:08, चन्द्रोदय : 17:05, चन्द्रास्त: 03:47, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 16:26 से 18:03

## साप्ताहिक : राशिफल 11-05-25 से 17-05-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। जातक अपना महत्व बढ़ाने में सफल हो सकता है। सरकारी सेवा में लगे जातकों के लिए भी समय अनुकूल है। प्रमोशन या किसी बड़े पद पर कार्य करने का अवसर जातक को मिल सकता है। व्यवसाय दृष्टि से भी सप्ताह उत्तम है। बाजार एवं शेयर मार्केट में पूंजी निवेश करने का उत्तम समय है। जातक अपनी बात-चीत की कला से लोगों को प्रभावित कर सकता है। किसी बड़े पद पर जातक को पहुँचने में सफलता मिल सकती है।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय चुनौतिपूर्ण रहेगा। कई कार्य-योजनाओं में विलम होने से जातक थोड़ा दबाव महसूस कर सकता है। इस सप्ताह सोच-समझकर एवं दूर-दृष्टि से काम ले नही तो बनी-बनाई बाते बिगड़ सकती है जिससे जातक का कार्य-व्यापार प्रभावित हो सकता है। कई तरह की योजनाओं की स्थितियाँ उलझ जाने के कारण जातक दबाव महसूस कर सकता है। चालाक लोगों से दूरी बनाये रखे नही तो वे जातक को किसी बड़ी समस्या मे उलझा सकते है। इस सप्ताह व्यापार आदि में भी सावधानी बनाये रखे थोडी सी लापरवाही जातक को बड़ी परेशानी में डाल सकती है।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। जातक अपने कार्यों का विस्तार करने में थोड़ी परेशानी महसूस कर सकता है लेकिन अपनी सक्रियता एवं दूर-दृष्टि से स्थितियों को अनुकूल बनाने का प्रयास कर सकता है। व्यापार आदि में जातक पूंजी निवेश कर सकता है परन्तु व्यापार आदि का अनुभव कम कोने के कारण जातक को उतना लाभ नही मिल पायेगा जितने की आशा कर रहा होगा। इस सप्ताह इस राशि के जातक यदि आयात-निर्यात से जुड़े होंगे तो कुछ लाभ कमाने में जातक को सफलता मिल सकती है।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** इस सप्ताह इस राशि के जातकों का समय मिला-जुला रहेगा। कार्यों में अनुकूलता न होने से जातक थोड़ा दबाव महसूस कर सकता है। कई तरह की चुनौतियाँ एवं परेशानियाँ जातक पर दबाव बना सकती है। वाहन आदि सावधानिपूर्वक चलाये नही तो चोट-चपेट लग सकती है। किसी भी तरह के जोखिम से बचे। थोड़ी सी लापरवाही बड़ी परेशानी का कारण बन सकती है। इस बीच स्वास्थ्य पर भी ध्यान बनाये रखे।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। जातक का महत्व बना रहेगा। कभी-कभी थोड़ी बहुत चुनौतियाँ एवं स्वास्थ्य संबंधित परेशानियाँ जातक महसूस कर सकता है लेकिन अपने परिश्रम और सूझ-बूझ से स्थितियों को अनुकूल बनाने में जातक सफल हो सकती है। सरकारी सेवा में लगे जातकों के लिए समय अनुकूल है प्रमोशन या किसी महत्वपूर्ण पद पर कार्य करने का अवसर जातक को मिल सकता है। राजनीति में लगे जातकों के लिए समय अनुकूल है। अपनी लोक-प्रियता बढ़ाने में जातक सफल हो सकता है।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा अनुकूल रहेगा यद्यपि थोड़ी बहुत मानसिक चुनौतियाँ जातक पर दबाव बना सकती है लेकिन जातक अपनी कुशलनीति से हर स्थिति एवं परिस्थिति को अनुकूल बनाने में सफल हो सकता है। व्यापार आदि की दृष्टि से समय अनुकूल है लाभपूर्ण स्थितियाँ बन सकती है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आ सकती है। एक-दूसरे के प्रति अविश्वास बढ़ सकता है यदि चुनौतियाँ अधिक महसूस हो तो आपाहिजों को काली वस्तुओं का दान करने से राहत मिल सकती है।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा चुनौतिपूर्ण रहेगा। मन थोड़ा अशांत हो सकता है। अनावश्यक प्रकार की चुनौतियाँ जातक पर दबाव या तनाव बना सकती है। सूर्य की नीच दृष्टि के कारण जातक मानसिक तनाव महसूस कर सकता है। इस बीच स्वास्थ्य आदि पर ध्यान बनाये रखे। विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी भी सक्रिय हो सकते है। जो जातक के लिए चुनौतियाँ खड़ी कर सकते है। इस बीच थोड़ा दूर-दृष्टि से काम ले तो कुछ महत्वपूर्ण कार्य पटरी पर आ सकते है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। जातक अपनी कार्य-योजनाओं का विस्तार कर सकता है। कभी-कभी जातक शिथिलता महसूस कर सकता है लेकिन अपनी सक्रियता और दूर-दृष्टि से हर स्थितियों को अनुकूल बनाने एवं पटरी पर लाने में सफल हो सकता है। छात्रों के लिए भी समय अनुकूल रहेगा। पढ़ाई-लिखाई में मन लग सकता है। किसी प्रतियोगी परीक्षा में जातक के सफल होने का योग बन सकता है। व्यापार आदि की दृष्टि से भी सप्ताह अनुकूल है पूंजी निवेश करने पर बढ़े लाभ की स्थिति बन सकती है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय मिला-जुला रहेगा। शनि की ढईया के कारण थोड़ी बहुत चुनौतियाँ बनी रह सकती हैं लेकिन अन्य तरह की कार्य-योजनाएं जातक के लिए राहत दे सकती है जिससे जातक अपनी चुनौतियों को कम करनें में सफल हो सकता है। व्यापार आदि की दृष्टि से सप्ताह मिला-जुला हो सकता है। सोच-समझकर पूंजी निवेश करने पर लाभ-पूर्ण स्थितियाँ बन सकती है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय थोड़ा मिला-जुला रहेगा। मंगल की उच्च दृष्टि के कारण जातक ऊर्जावान बना रहेगा लेकिन कई तरह की कार्य-योजनाये जातक को तनाव या दबाव दे सकती है। जिसके कारण जातक दबाव महसूस कर सकता है लेकिन जमीन-जयदाद एवं खेती-बारी से जुड़े जातकों के लिए समय अनुकूल है। खिलाड़ियों के लिए भी समय अनुकूल है थोड़ी परेशानी और चुनौतियों के साथ बड़ी सफलता मिल सकती है।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय अनुकूल रहेगा। जातक के कर्मों का प्रतिफल जातक को मिल सकता है। शनि की उतरती शाढ़े-शाती आर्थिक रूप से जातक को मजबूत बना सकती है। ठेकेदारी या मशिनरी कार्यों में लगे जातकों के लिए समय अनुकूल है। बड़े लाभ की स्थिति बन सकती है जिससे आर्थिक स्थितियाँ थोड़ी मजबूत हो सकती है। कार्य की अधिकता से जातक कभी-कभी थोड़ा दबाव महसूस कर सकता है लेकिन समय और परिस्थितियाँ अनुकूल बनने एवं जातक को बड़ा लाभ मिलने से जातक उत्साहित हो सकता है और राहत महसूस कर सकता है।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** इस सप्ताह इस राशि वालों का समय चुनौतिपूर्ण रहेगा। कभी-कभी स्थितियाँ थोड़ी अनुकूल हो सकती है लेकिन कार्य की अधिकता एवं कई महत्वपूर्ण कार्य न बने से जातक थोडा चुनौतियाँ महसूस कर सकता है। इस बीच विरोधी एवं प्रतिस्पर्धी भी सक्रिय हो सकते है जो जातक को दबाव या चुनौतियाँ दे सकते है। सावधानी बनाये रखे। व्यापार आदि के दृष्टि से सप्ताह बहुत अनुकूल नही है इसलिए अधिक पूंजी निवेश करने से बचे नही तो बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# सीजफायर भंग, दुनिया दंग



घनश्याम बादल

अभी युद्ध विराम की घोषणा की स्याही सूखी भी नहीं थी की बेगैरत पाकिस्तान ने अपने वचन से मुकरते हुए भारत पर एक बार फिर ड्रोन हमला किया और एलओसी पर भी भारी गोलीबारी की। हालांकि मुस्तैद भारतीय सेना ने न केवल मुंह तोड़ जवाब दिया है अपितु पाकिस्तान को भारी नुकसान भी झेलना पड़ा है। अब दुनिया को सोचना पड़ेगा कि ऐसे देश का क्या किया जाए जिसके वचन और ज़बान का कोई भरोसा ही न हो।

अभी कल रात तक देशभर में जोश, गुस्सा, चिंता और दुश्मन को सबक सिखाने का जज्बा पूरी तरह हावी था। देश के सारे मीडिया चैनल और अखबार अपने-अपने तरीके से युद्ध की खबरों को टीआरपी के मसाले में लपेटकर पेश कर रहे थे। एंकर चीख - चीख कर पाकिस्तान के नेस्तानाबूद, होने वहां के एयर डिफेंस सिस्टम के तबाह होने और कितने ही आतंकवादियों के मरने, बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी द्वारा सेना के खिलाफ शस्त्र उठाने के साथ-साथ युद्ध का जोश परोस रहे थे।

6 एवं 7 मई की रात को जब भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला करके उन्हें भारी क्षति पहुंचाई तब देश की सेना एवं राजनीतिक नेतृत्व की प्रशंसा के कसीदे सारे देश में काढ़े गए। वास्तव में यह एक बड़ा निर्णय भी था और साहसिक कदम भी। साथ ही साथ कहा जाए तो 26 पर्यटकों की मौत के बदले कए लिए ऐसा होना जरूरी भी था।

जिस तरह पहले दिन की रिपोर्ट आई और मीडिया के अनुसार कहा गया कि पाक बदहवास है, वहां घबराहट और भय का माहौल है तो पाकिस्तान की हिम्मत नहीं होनी चाहिए थी भारत पर प्रतिघात करने की। लेकिन गीदड़ भभकियों के साथ-साथ पाकिस्तान 8 मई की रात को अपने एयर स्ट्राइक और जम्मू कश्मीर सीमा पर भारी गोलाबारी के साथ अकड़ भरी बेहूदगी दिखाने पर उतर आया। जिस तरह उसने करीब एक घंटा लगातार हमले किए वह चिंता का सबब था लेकिन हमारे एस 400 के के सुरक्षा चक्र ने उनकी मिसाइलों एवं ड्रोनों को हवा में ही मार गिराया तो एक बार फिर से भारतीयों का सीना गर्व से फूल उठा। उधर पुंछ जम्मू, राजौरी, श्रीनगर, अवंतीपोर जैसे इलाकों में भारी गोलाबारी करके उसने आम नागरिकों के जीवन एवं घरों तथा खेतों को क्षति पहुंचाई और तब तक उसे चैन नहीं पड़ा जब तक भारतीय सेवा ने एक बार फिर से अपने अचूक निशाने के साथ उसके सैन्य ठिकानों पर हमला नहीं बोला।

यदि सूत्रों की मानें तो उसी दिन उसका कराची पोर्ट लगभग तबाह हो गया, लाहौर तक में हमारी मिसाइल गिरी और हमले की फ़िराक में आए उसके दो एफ 16 एवं दो जेट फाइटर 17 नष्ट किए गए, 8 मिसाइल और बड़ी संख्या में उसके ड्रोन भी नष्ट हुए जो उसने आतंक का समर्थन कर रहे तुर्कीए से ले रखे थे। खैर न उसके काम अमेरिकी एफ 16 आए, न चीन के जेट फाइटर 17 उसे सफलता दिला सके साफ़ सी बात है कि सफलताएं साधनों से नहीं साधना एवं प्रशिक्षण से मिलती है और उस देश में प्रशिक्षण केवल आतंकवादियों को दिया जाता है जो कायरों की तरह छुपकर हमला करते हैं और निर्दोषों की जान ले लेते हैं। नुकसान आतंकवादियों का भी कम नहीं हुआ उनके नौ ठिकाने पहले ही दिन नष्ट हुए और अगले दिन भी 12 ठिकानों को भारी नुकसान हुआ। 5 बड़े आतंकवादी मारे गए,मारे तो बहुत गए होंगे मगर पांच तो बड़े कुख्यात रहे।

इस बीच पाकिस्तान ने भारत के एयर बेस ठिकानों को भी निशाना बनाने की कोशिश की। पठानकोट, जालंधर व जैसलमेर जैसे सैन्य ठिकानों पर उसने हमले करने की कोशिश की पर मुंह की खाई। कुल मिलाकर कह सकते हैं कि इस संघर्ष में पाकिस्तान के हाथ कुछ नहीं आया। सारी हेकड़ी भी निकल गई बदनामी तो ख़ैर उसकी पहले से ही दुनिया भर में है।

बहुत सारे संसाधनों का नष्ट होना इस देश के लिए ऐसा ही है जैसे कंगाली में आटा गीला होना जिस अनाड़ीपन से पाकिस्तान ने हमले किए वह भी वहां की सेना के तकनीकी प्रशिक्षण एवं क्षमता पर बड़े सवाल खड़े कर गया।

ख़ैर युद्ध विराम की घोषणा हो गई है और इस सारे प्रकरण में सबसे ज्यादा भद्द पिटी है शहबाज शरीफ सरकार की, जो इस स्थिति में भी वहां नहीं रही कि वह अपनी सेना को युद्ध विराम के लिए भी मना सके आशंकाएं तो यह भी है कि 1999 की तरह ही इस बार भी वहां के जनरल ने अपनी मनमर्जी चलाते हुए यह संघर्ष शुरू किया।

ख़ैर यह पाकिस्तान का अंदरूनी मामला है वहां लोकतंत्र और सेना के बीच हमेशा से कुश्ती होती रही है जो आगे भी चलेगी और यदि वहां की सरकार ने सेवा की लगाम नहीं कसी तो हो सकता है आने वाले कुछ महीनो में ही शाहबाज शरीफ भी इमरान खान की तरह ही या तो किसी जेल में दिन काट रहे हों या अपने बड़े भाई नवाज शरीफ की तरह विदेश जाने को मजबूर हो जाएं।

भले ही बयान वीर लोग इस युद्ध विराम की आलोचना करें लेकिन सच यही है कि युद्ध किसी समस्या का हल नहीं होता बल्कि समस्याओं की वजह से युद्ध होते हैं और युद्ध के बाद समस्याएं मुंह बाए लड़ने वालों के सामने खड़ी होती हैं।

अभी इस युद्ध विराम पर बहुत अधिक कुछ कहना ठीक नहीं होगा। अब भारत अपनी कितनी शर्तें मनवा पाया और पाकिस्तान अपनी नाक कितनी बचा पाया इसका पता तो 12 मई को दोनों देशों के बीच होने वाले वाली बैठकों के बाद ही पता चल पाएगा।

इस सीज फायर के पीछे जिस तरह अमेरिका एवं ईरान तथा सऊदी अरब सक्रिय होकर लगे इसके लिए इन देशों की भी प्रशंसा करनी होगी अन्यथा यह भी बहुत संभव था कि दक्षिण एशिया भी रूस एवं यूक्रेन की तरह युद्ध की लपटों से लंबे समय तक झुलस सकता था।

हां, एक बात बहुत महत्वपूर्ण है कि भारत इस युद्ध विराम से पैदा हुई शांति से भ्रांति या गफलत में न रहे। हमारे पड़ोसी का इतिहास हम जानते हैं इसलिए 24 घंटे हमें उसकी सेना, आई एस आई, वहां के दहशतगर्द और देशभर में फैली उनकी स्लीपिंग सेल्स पर न केवल निगाह रखनी होगी बल्कि उनका एक परमानेंट इलाज भी ढूंढना होगा अन्यथा स्थिति में तो संघर्ष होते रहेंगे सीज फायर भी होते रहेंगे और समस्या ज्यों कि त्यों बनी रहेगी। उम्मीद है हमारा वर्तमान मजबूत संकल्प वाला नेतृत्व और क्षमतानान सेना देश की उम्मीद पर खड़ा उतरते रहेंगे।

# सुपर हीरो मां को दीजिए सेहत का तोहफा



अमित बैजनाथ गर्ग

**बच्चे के जन्म लेने से लेकर सालों-साल परिवार का ख्याल रखने की जिम्मेदारियों के बीच भागती-दौड़ती मां सुपर हीरो होती है। इस मदर्स डे अपनी मां की हेल्थ का ख्याल रखने के लिए आप उन्हें हेल्थ से जुड़े कुछ तोहफे गिफ्ट कर सकते हैं, जो आपकी मां की हेल्थ का ख्याल रखने के साथ-साथ उन्हें फिट भी बनाएंगे।**

**11 मई को मदर्स डे पर विशेष**

एक मां परिवार की रीढ़ होती है और उसे अपनी भूमिका बखूबी निभाने के लिए एक मजबूत आधार की जरूरत होती है। हर मां अपने बच्चों के लिए दिनभर भागदौड़ करती है, वह भी अपना ख्याल रखे बिना। अगर मां बीमार पड़ जाए तो ऐसा लगता है कि सारे काम रुक गए हैं, इसलिए अपनी हेल्थ के साथ-साथ अपनी मां की हेल्थ भी अच्छी होना जरूरी है। इस मदर्स डे अपनी मां की हेल्थ का ख्याल रखने के लिए आप उन्हें हेल्थ से जुड़े कुछ तोहफे गिफ्ट कर सकते हैं, जो आपकी मां की हेल्थ का ख्याल रखने के साथ-साथ उन्हें फिट भी बनाएंगे। अब वक्त मां की सेहत को सबसे अधिक प्राथमिकता देने का है। बच्चे के जन्म लेने से लेकर सालों-साल परिवार का ख्याल रखने की जिम्मेदारियों के बीच भागती-दौड़ती मां सुपर हीरो होती है। सबकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए वह सिर्फ अपना आराम ही नहीं, बल्कि अपनी सेहत भी कुर्बान कर देती है।

**चेतावनी संकेतों की जल्द करें पहचान**

आपने कई बार अपनी मां को जोड़ों के दर्द तथा अकड़न को लेकर शिकायत करते हुए और फिर उम्र बढ़ने का संकेत मानकर इसे नजरअंदाज करते हुए देखा होगा, पर आप ऐसा न करें। आप असली कारण को जानने के लिए विशेषज्ञ से विचार-विमर्श करें। घुटनों में सुबह-सुबह दर्द, अकड़न,



लॉकिंग एवं पॉपिंग से शुरुआत होने से लेकर जोड़ों में सूजन होने तक। यह आर्थराइटिस के संकेत हो सकते हैं, जो कि एक प्रगतिशील जॉइंट स्थिति है। अधिकतर भारतीय महिलाएं इन संकेतों को नजरअंदाज करती हैं। सही समय पर पहचान होना और उपचार मिलना आपकी मां को लंबे समय तक एक अच्छी जिंदगी जीने में मदद कर सकता है। महिलाएं तभी डॉक्टर के पास जाती हैं, जब उनके लिए दर्द असहनीय हो जाता है। देरी होने से जोड़ों को होने वाला नुकसान कई गुना बढ़ सकता है। यदि इसका शुरुआती चरणों में इलाज हो जाए, तो पारंपरिक उपचारों की मदद से इस स्थिति को बढ़ने से रोका जा सकता है।

**वजन पर बनाएं रखें पूरी नजर**

ओवरवेट होना भारतीय महिलाओं में आर्थराइटिस होने के सबसे प्रमुख जोखिम घटकों में से एक है। हमारे जोड़ कुछ हद तक वजन उठाने के लिए डिजाइन हैं। प्रत्येक एक किलो अतिरिक्त वजन घुटनों पर चार गुना दबाव डाल सकता है। क्षमता से अधिक वजन जोड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है। उचित वजन का मतलब है स्वस्थ जोड़। वह अपने परिवार के स्वास्थ्य की पूरी देखभाल करती है, पर खुद के स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देती है। इस मदर्स डे उनके स्वास्थ्य की देखभाल करने की जिम्मेदारी लें। उनका नामांकन योग, जुंबा या एरोबिक्स क्लास में भी कराया जा सकता है। शारीरिक रूप से स्वस्थ रहकर अतिरिक्त वजन की समस्या से दूर रहेंगे और जोड़ों की मांसपेशियां मजबूत होंगी। इसके बदले में दर्द में राहत मिलेगी और जोड़ों की गतिशी-लता सुधरेगी। हर दिन 30 मिनट की वॉक हड्डियों एवं जोड़ों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हो सकती है।

**शरीर के पॉश्चर पर रखें नजर**

गलत पॉश्चर से जोड़ों, खासतौर से घुटने पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। घुटने शरीर में सबसे अधिक भार सहन करने वाले जोड़ हैं। इससे घुटने में दर्द हो सकता है। सही पॉश्चर रखना, काम के दौरान बीच-बीच में ब्रेक लेना, नियमित रूप से स्ट्रेचिंग करना और अपने पॉश्चर को बीच-बीच में ठीक करने से घुटने के दर्द को कम करने में मदद मिलती है। हम जोड़ों के आस-पास लगी छोटी-मोटी चोटों को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। इससे हानिकारक स्थितियां पैदा हो सकती हैं, मसलन भविष्य में आर्थराइटिस हो सकता है। यदि दर्द बार-बार हो रहा है, तो विशेषज्ञ की सलाह लें। हम अक्सर ऐसे मरीजों को देखते हैं, जहां जॉइंट इंजरी जॉइंट डिजनरेशन का कारण बन जाती है।

**पेन किलर से कर दें इनकार**

हमारे देश में खुद से दवाएं लेना एक आम समस्या है। आमतौर पर हम अक्सर शरीर में दर्द होने पर डॉक्टर से सलाह लिए बिना पेन किलर का सहारा लेते हैं। पेन किलर भले ही हमें दर्द से फौरन राहत दिलाते हैं, पर वह स्थिति का उपचार नहीं करते। इससे कई को-मॉर्बिड स्थितियां पैदा हो सकती हैं। यदि आप अपनी मां को जोड़ों के दर्द के लिए खुद से पेन किलर लेते हुए देखें, तो फौरन ऑर्थोपेडिस्ट के पास जाकर उनका परीक्षण कराएं। यदि आपकी मां में आर्थराइटिस डायग्नोस होता है, तो चिंता करने की जरूरत नहीं है। पारंपरिक उपचार विकल्पों जैसे कि पेन किलर, शारीरिक गतिविधि, जीवन-शैली में बदलाव, स्टेरॉयड इंजेक्शन से लेकर मिनिमल इनवेसिव प्रोसीजर एवं जोड़ प्रत्यारोपण थैरेपी जैसे सुरक्षित एवं प्रभावी तरीकों से इलाज आसानी से किया जा सकता है।

**पर्याप्त नींद, उचित खान-पान**

महिलाएं अक्सर अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण इतनी व्यस्त हो जाती हैं कि वे ठीक से नींद भी नहीं ले पातीं। इसका असर सीधा उनकी सेहत पर पड़ता है। नींद की कमी से क्या-क्या नुकसान होते हैं, यह सभी जानते हैं। ऐसे में कोशिश करें कि चाहे जो भी हो, पर्याप्त नींद जरूर लें। खाने को लेकर अक्सर महिलाएं लापरवाही करती हैं। परिवार की तो हर छोटी-बड़ी फूड डिमांड का वह ध्यान रखती हैं, लेकिन अक्सर न तो खुद समय पर खाना खाती हैं और न ही प्रॉपर डाइट फॉलो करती हैं। बच्चों का बचा हुआ खाना खा लेना भी उनके शरीर को कितना नुकसान पहुंचा सकता है, यह भी वे नहीं सोचतीं। ध्यान रहे कि प्रॉपर और सही डाइट हो, तभी शरीर को फिट रखा जा सकता है। ऐसे में अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखें।

**एक्सरसाइज के साथ नियमित चेकअप**

अक्सर देखा जाता है कि महिलाएं घर के काम में ही फंसी रह जाती हैं, जो उन्हें बिल्कुल भी व्यायाम करने का समय नहीं देता। ऐसा होना उनके लिए अच्छा नहीं है। महिलाओं को चाहिए कि वे अपने लिए समय निकालें। जिम न जा पाएं तो योग या फिर सुबह-शाम घूमने जरूर जाएं। व्यायाम के साथ रेगुलर चेकअप करवाने की भी आदत डालें। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जब यंगस्टर्स भी गंभीर बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। ऐसे में यह न सोचें कि आपको कुछ नहीं होगा। समय-समय पर चेकअप जरूर करवाएं ताकि हर बीमारी शुरुआती स्टेज में पकड़ में आ जाए, जिससे उसे बढ़ने से पूरी तरह से रोका जा सके। चीजों को ठीक से करने से लेकर हर जिम्मेदारी नया स्ट्रेस लेकर आती है। जरूरत है इस स्ट्रेस को मैनेज करने की। जिम्मेदारियों को पति और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बांटें। बच्चों को भी काम करना सिखाएं ताकि वे पूरी तरह आप पर निर्भर न हों, यह आपको खुद के लिए समय निकालने का मौका देगा।

## राज्यों की खबरें


### एहतियात के तौर पर पंजाब के कई जिलों में फिर से ब्लैकआउट लागू

**चंडीगढ़ :** पंजाब सरकार ने शनिवार को कुछ जिलों में फिर से ब्लैकआउट के आदेश लागू कर दिए हैं। यह कदम भारत और पाकिस्तान के बीच तत्काल संघर्षविराम पर सहमति होने के कुछ ही घंटे बाद एहतियात के तौर पर उठाया गया। इससे पहले जिला प्रशासन ने ब्लैकआउट और अन्य प्रतिबंधात्मक आदेशों को वापस ले लिया था। होशियारपुर, फिरोजपुर, फाजिल्का, पठानकोट, पटियाला, मोगा और मुक्तसर जिलों में ब्लैकआउट उपाय लागू किए गए हैं। उपायुक्त (अमृतसर) साक्षी साहनी ने कहा, चूंकि युद्ध विराम उल्लंघन की खबरें आ रही हैं, इसलिए हम आज अलर्ट पर रहेंगे। उन्होंने कहा, अगर जरूरत पड़ी तो हम ब्लैकआउट करेंगे। मैं सभी को सलाह देती हूं कि अगर जरूरत पड़ी तो कृपया ब्लैकआउट लागू करने के लिए तैयार रहें और घर पर रहें। कृपया पटाखे न फोड़ें। हमने यह अभ्यास कई बार किया है, इसलिए कृपया घबराएं नहीं। यह अत्यधिक सावधानी के तौर पर किया जा रहा है। होशियारपुर जिला प्रशासन ने कहा कि रात आठ बजकर 50 मिनट पर ब्लैकआउट किया गया और हवाई हमले का सायरन बजाया गया। फिरोजपुर में जिला प्रशासन ने बताया कि रात आठ बजकर 40 मिनट पर ब्लैकआउट कर दिया गया और नागरिकों से लाइटें बंद करने का आग्रह किया गया।

### जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में वायुसेना स्टेशन की सुरक्षा में तैनात जवान शहीद

**जम्मू/जयपुर :** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में एक वायुसेना स्टेशन पर शनिवार को पाकिस्तानी ड्रोन के टुकड़े की चपेट में आने से एक सैनिक शहीद हो गया। इस ड्रोन को सेना के वायु रक्षा बल ने सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। उन्होंने बताया कि यह घटना भारत और पाकिस्तान द्वारा अपनी युद्ध गतिविधियों को समाप्त करने के लिए संघर्षविराम की घोषणा किए जाने से पहले हुई। पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा 7 मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए जाने के बाद से युद्ध गतिविधियां तेज हो गईं। यह जवान उधमपुर वायुसेना स्टेशन में ड्यूटी पर था, जहां आज सुबह पाकिस्तानी ड्रोन ने हमला किया। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने ड्रोन को हवा में ही सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया, लेकिन एक जवान इसके मलबे की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गई। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शहीद सैनिक को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उसके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## वर्ग पहेली नं. 3088



*बायें से दायें:-* 1) सामंजस्यहीन, 4) ज़च्चाख़ाना, 7) इठलाना, 9) खदेड़ना 11) फेरी दुकान, 12) समापन, 14) चंद्र, 16) निर्धारित, 17) किनारा, 18) ताज़ा, 19) दही का मीठा घोल, 20) ढाढ़स, 22) फैलना, 25) कटहल, 28) बुढ़ाना, 29) लेना-देना, 30) छर्रा *(बंदूक)*.

*ऊपर से नीचे:-* 2) भेड़ का बच्चा, 3) जुल्फ़, 4) निर्जन, 5) बहुत, 6) तुतलाहट, 8) ख़िजाब, 9) मारुति, 10) अत्यंत, 12) खौलना, 13) साधु, 15) जीवन, 17) तन्मय, 21) स्वप्न, 23) ताज़ा, 24) दुर्गम; जटिल, 26) सखी, 27) आशीर्वाद, 28) अनवरत. *(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3045

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | | 4 | 9 | | 8 | |
| | 4 | | | 5 | | | | |
| | | | | 7 | | 3 | | |
| | | | | | 7 | 1 | | |
| | 1 | 9 | 5 | 6 | | 4 | | |
| 6 | | | | | | | | 3 |
| | | 4 | | 1 | | | 9 | |
| | | 2 | | | | | | |
| | | | | | | | | 8 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3044 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 7 | 6 | 1 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 |
| 1 | 4 | 5 | 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 7 |
| 3 | 8 | 1 | 4 | 5 | 6 | 2 | 7 | 9 |
| 4 | 5 | 9 | 7 | 2 | 1 | 3 | 6 | 8 |
| 7 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 | 5 | 1 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 | 1 |
| 2 | 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 4 | 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 |

## युद्ध जैसे हालात में सरकार का कालाबाजारी पर शिकंजा

# सियालदह कोले मार्केट पहुंची टास्क फोर्स, व्यापारियों को दिए सख्त निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत–पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव और युद्ध जैसी स्थिति के बीच पश्चिम बंगाल सरकार सतर्क हो गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा राज्य टास्क फोर्स को दिए गए सख्त निर्देशों के बाद आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण रखने के लिए शनिवार को सियालदह के कोले मार्केट में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया।

**❑ टास्क फोर्स ने बाजार में लिया मूल्य का जायजा**

बता दें कि कोले मार्केट राज्य की राजधानी का सबसे बड़ा थोक बाजार माना जाता है। शनिवार को



राज्य टास्क फोर्स के अधिकारी बाजार पहुंचे और विभिन्न दुकानों पर वस्तुओं के थोक मूल्यों की जांच की। इस दौरान, कई दुकानदारों से दामों की जानकारी ली गई और कालाबाजारी न करने की सख्त हिदायत दी गई। टास्क फोर्स अधिकारियों ने बताया कि हिल्सा मछली 700–800 रुपये प्रति किलो, कतला मछली 250–300 रुपये, अंडे 6 रुपये प्रति पीस (मुर्गी) तथा 12 रुपये (बत्तख), कच्चे आम 20 रुपये किलो, खीरा 40, भिंडी 16, नींबू 60 पैसे से 1 रुपये प्रति पीस, कच्ची मिर्च 40 रुपये, सुपारी 40 रुपये, लाल आलू 30 रुपये, प्याज 20–30 रुपये, लहसुन 70–100 रुपये तथा अदरक 80–100 रुपये किलो बिक रही थी। अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल थोक कीमतें नियंत्रण में हैं, हालांकि खुदरा बाजार में थोड़ी वृद्धि देखी जा रही है। विशेष रूप से मछली की कीमतों में स्थिरता बनी हुई है, जिससे आम जनता को राहत मिल रही है। टास्क फोर्स ने यह सुनिश्चित करने के लिए दुकानदारों से वार्ता की कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बनाए रखी जाए और मुनाफाखोरी या जमाखोरी जैसी गतिविधियों से बचा जाए।

**❑ 'यदि कोई कालाबाजारी करेगा तो होगी कार्रवाई'**

राज्य टास्क फोर्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हम सरकार की ओर से व्यापारियों से अनुरोध करने आए हैं कि युद्ध जैसे हालात में आवश्यक वस्तुओं की कीमतें न बढ़ाई जाएं। यदि कोई व्यापारी कालाबाजारी करता है तो सरकार उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी।

## इंटाली डकैती मामले में एक और गिरफ्तारी, 12 लाख नकद बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंटाली थाना में गत 5 मई को दर्ज शिकायत के तहत एक डकैती की घटना सामने आई थी। जिसके बाद शिकायतकर्ता सम्राट घोष ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि 05 मई को लगभग 11:30 बजे सम्राट घोष और उनके सहकर्मी एक टैक्सी से एसबीआई पार्क सर्कस ब्रांच में 2.66 करोड़ जमा करने जा रहे थे, तभी दो अज्ञात आरोपियों ने टैक्सी में जबरन घुसकर डकैती की वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में पुलिस को गुप्त सूचना मिलने के बाद 10 मई को एक आरोपी को दक्षिण 24 परगना के गोसाबा थाना क्षेत्र स्थित 1 नंबर घाट, जेलीपाड़ा से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को एंटी डकैती और लूट विभाग के कार्यालय में पूछताछ के लिए लाया



गया, जहां साक्ष्य मिलने के बाद उसे दोपहर 1:30 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शेख आमिर उद्दीन (21) के रूप में की गई है। आरोपी से पूछताछ के दौरान प्राप्त जानकारी के आधार पर, पुलिस ने 12 लाख नकद बरामद किए। पुलिस ने उक्त रकम को जब्त कर लिया है और मामले की जांच जारी रखी है।

## त्रिपुरा में तैनात बीएसएफ जवान की पत्नी को मिला धमकी भरा पत्र

### शिकायत के बाद पुलिस ने शुरू की जांच

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत–पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनावपूर्ण हालात के बीच नदिया जिले के शांतिपुर में स्थित एक सेवारत भारतीय सैनिक के परिवार को धमकी भरी चिट्ठी मिलने से सनसनी फैल गई है। घटना शुक्रवार की सुबह की है, जब शांतिपुर निवासी सैनिक विश्वजीत नाग की पत्नी सुपर्णा नाग अपने घर के आंगन में झाड़ू लगा रही थीं। तभी उन्हें जमीन पर एक कागज का टुकड़ा पड़ा मिला। जब उन्होंने उसे उठाकर पढ़ा तो उसमें लिखा था कि पाकिस्तान की जय, बांग्लादेश की जय। वह त्रिपुरा में है, बांग्लादेशियों को पकड़ रहा है। चिट्ठी पढ़ते ही वह बुरी तरह घबरा गईं।



उनका कहना है कि उनके पति इस समय त्रिपुरा में भारतीय सेना में सक्रिय ड्यूटी पर तैनात हैं, जहाँ बांग्लादेश सीमा की निगरानी कड़ी कर दी गई है। मौजूदा भारत–पाकिस्तान और बांग्लादेश के संदर्भ में संवेदनशील हालात को देखते हुए, इस तरह की धमकी को परिवार ने गंभीरता से लिया है। परिवार ने तुरंत ही शांतिपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। स्थानीय प्रशासन भी मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सतर्क हो गया है। शांतिपुर पुलिस का कहना है कि मामला गंभीर प्रकृति का है और इसे राष्ट्रविरोधी गतिविधि मानते हुए हर पहलू से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भी आक्रोश है। वे मांग कर रहे हैं कि दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए और सेना के जवानों के परिवारों को विशेष सुरक्षा दी जाए।

## बंगाल से एक और संदिग्ध बांग्लादेशी आतंकी गिरफ्तार

**बीरभूम/कोलकाता :** भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच एक और बांग्लादेशी आतंकवादी पश्चिम बंगाल में गिरफ्तार हुआ है। बांग्लादेश के आतंकी संगठन जमात उल मुजाहिद्दीन (जेएमबी) के 2 सदस्यों को राज्य एसटीएफ ने गुप्त सूचना के बाद गुरुवार की देर रात को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ के बाद एसटीएफ की टीम ने दक्षिण 24 परगना डायमंड हार्बर के पात्रा ग्राम में छापेमारी कर इसी आतंकी संगठन के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। उसका नाम अब्बास–उद्दीन मुल्ला है। इसके पास से कई प्रतिबंधित धार्मिक पुस्तकें, लैपटॉप और पेन ड्राइव बरामद हुए हैं। उल्लेखनीय है कि बंगाल एसटीएफ की टीम ने पिछले दिनों गुप्त सूचना के आधार पर नलहाटी और मुरारई



से 2 बांग्लादेशी आतंकियों अजमल हुसैन (28) और साहेब अली खान (28) को गिरफ्तार किया था। अजमल जिले के नलहाटी तथा साहेब मुरारई का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि अब तक गिरफ्तार इन 3 आतंकवादियों पर मुस्लिम युवकों को देश के खिलाफ भड़काने और देश के खिलाफ युद्ध का षड्यंत्र रचने के लिए प्रेरित करने का आरोप है। इनका संबंध जमात के मॉड्यूल से है। ये लोग जिले समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में मुस्लिम युवकों को धार्मिक उन्माद फैला रहे थे। इनकी योजना देश के कई प्रमुख लोगों पर हमले की भी थी। अपनी साजिशों को अंजाम देने के लिए ये लोग युवाओं का ब्रेनवॉश करते थे।

## बागडोगरा में आर्मी कैंप के पास से बांग्लादेश का पूर्व खुफिया एजेंट गिरफ्तार



**सिलीगुड़ी/कोलकाता :** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच बांग्लादेश के एक पूर्व खुफिया एजेंट को बागडोगरा स्थित बैंगडूबी आर्मी कैंप इलाके से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक का नाम अशरफुल आलम है। वह बांग्लादेश के रंगपुर जिले का निवासी है। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को एक व्यक्ति बैंगडूबी आर्मी कैंप के फाइव एफओडी यानी फील्ड एम्युनिशन डीपो के आसपास घूम रहा था। इस बीच जब वह पड़ोसी गांव एमएम तराई में स्थानीय लोगों से पानी मांगने गया तो निवासियों ने सेना के बैंगडूबी आर्मी कैंप को सूचित कर दिया। बाद में जवानों ने उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति से जब जवानों ने पूछताछ की तो उसने अपने आप को पूर्व बांग्लादेशी खुफिया एजेंट बताया। उसने बताया कि वह छह माह पहले बांग्लादेश में राजशाही सीमा के रास्ते नदी पार कर अवैध रूप से भारत में घुसा था। हालांकि उसके पास से कोई वैध पहचान पत्र नहीं मिला है। पूछताछ के बाद जवानों ने उसे बागडोगरा पुलिस थाने को सौंप दिया। बागडोगरा थाने की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## पहलगाम हमले में मृत बितान अधिकारी की पत्नी को केंद्र ने दी भारत की नागरिकता

**❑ मृतक के बड़े भाई ने सोहिनी के बांग्लादेशी होने का किया था दावा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए कोलकाता के वैष्णवघाटा इलाके के निवासी बितान अधिकारी की पत्नी सोहिनी राय को केंद्र सरकार ने भारत की नागरिकता प्रदान की है। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री व बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। बताया कि सोहिनी ने विवाह के बाद काफी पहले भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन किया था। केंद्र सरकार ने उसे मंजूरी दे दी है। मालूम हो कि बितान के बड़े भाई विभु अधिकारी ने सोहिनी के बांग्लादेशी होने का दावा किया था। उसे 'अंतरराष्ट्रीय जालसाज' भी बताया था। कहा था कि सोहिनी भारत की नागरिक नहीं



है। दो साल पहले सोहिनी व उसकी मां भारती राय के विरुद्ध जालसाजी का मामला दर्ज किया गया था, जो अभी भी चल रहा है। भारती बांग्लादेश लौट चुकी है जबकि सोहिनी यहीं रह रही है। सोहिनी ने अपना परिचय छिपाकर बितान से शादी की थी। सोहिनी के दो जन्म प्रमाणपत्र हैं। वह मूल रूप से बांग्लादेश की नागरिक है। सोहिनी के भाई ने इस आरोप को सिरे से नकारा था।

## चिटफंड के जाल में फंसे केंद्रीय बलों के परिवार, 32 करोड़ की ठगी के बाद मिल रही धमकी

**कोलकाता, समाज्ञा :** त्वरित मुनाफे का लालच देकर केंद्रीय बलों के करीब 450 परिवारों से 32 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि कोस्ट गार्ड सहित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के मौजूदा और सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिवारों को चिटफंड कंपनियों में निवेश के लिए प्रेरित किया गया और फिर उनके पैसे हड़प लिए गए। मामले में अब पीड़ितों को धमकियां भी दी जा रही हैं। पुलिस के अनुसार, यह फर्जीवाड़ा वर्ष 2018 में शुरू हुआ था। महाराष्ट्र निवासी एक सेवानिवृत्त कोस्ट गार्ड अधिकारी, जो उस समय कोलकाता में तैनात थे, इस घोटाले के जाल में फंसे। कोस्ट गार्ड के



न्यूटाउन कार्यालय में एक व्यक्ति वाहन सेवा देता था। इसी बहाने उसकी पहचान अधिकारियों से हुई और फिर वह पूर्वी कोलकाता के फूलबागान इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति को लेकर कार्यालय आया। इस व्यक्ति ने खुद को पांच बड़ी कंपनियों का मालिक बताया और बताया कि वह होटल और इंजीनियरिंग कंपनियों का संचालन करता है, जो बाद में चिटफंड कंपनियों के रूप में सामने आईं। पीड़ित अधिकारी का आरोप है कि निवेशकों को बताया गया कि इन कंपनियों को देश–विदेश की पांच बहुराष्ट्रीय कंपनियों से करोड़ों रुपये के ठेके मिले हैं। फर्जी दस्तावेज दिखाकर यह भी दावा किया गया कि एक नामी कंपनी को आठ करोड़ रुपये का ठेका मिला है और इसके लिए एक सार्वजनिक बैंक ने दस करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। इस तरह के कई जाली दस्तावेज दिखाकर निवेश के लिए प्रेरित किया गया। सेवानिवृत्त अधिकारी ने शुरुआत में 24 लाख रुपये निवेश किए, जो बाद में बढ़कर 52 लाख रुपये हो गए। कंपनी ने उन्हें और उनके कुछ साथियों को दो कंपनियों का निदेशक भी बना दिया ताकि भरोसा और मजबूत हो। लेकिन जब उन्हें कंपनी की गतिविधियों पर शक हुआ तो उन्होंने रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज से शिकायत की, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बीच, निवेशकों की संख्या बढ़ती रही और आरोप है कि कुल मिलाकर लगभग 450 लोगों से करीब 32 करोड़ रुपये की ठगी की गई। जब मार्च 2025 में निवेशकों ने अपनी रकम वापस मांगी तो कंपनी के लोगों ने धमकी देना शुरू कर दिया। अब, उस सेवानिवृत्त कोस्ट गार्ड अधिकारी ने हाल ही में कोलकाता के फूलबागान थाने में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मुख्य आरोपित को पूछताछ के लिए तलब किया जा रहा है।

**पश्चिम मध्य रेल**

**विद्युत शाखा– खुली निविदा**
**निविदा सूचना क्र.: जबल/एल/टी. नं. 60/2024R**

मंडल रेल प्रबंधक(विद्युत) पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से अनुभवी ठेकेदार से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–टेंडर आमंत्रित किया जाता है। निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन प्रस्ताव ही स्वीकार किए जाएंगे इस ठेका के विरूद्ध मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और ऐसा प्राप्त मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जाएगा। **निविदा सूचना क्रमांक– निविदा सूचना क्र.** जबल/एल/टी नं./60/2024R **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत (**NU-6** और **PPI-8**) पर 14 एस्केलेटर का प्रावधान, सिविल इंजीनियरिंग कार्य सहित। वारंटी अवधि के बाद 05 वर्ष की एएमसी सहित(इलेक्ट्रिकल एंव सिविल कार्य हेतु कम्पोजिट निविदा), **निविदा का अनुमानित मूल्य–** 173969485.17, **निविदा फार्म की कीमत रूपये–** निल, **कार्यालय का पता–** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/ सामान्य/जबलपुर द्वितीय फ्लोर डीआरएम बिल्डिंग जबलपुर– 482001, **बयाना राशि–** 1019900.00, **समापन अवधि–** 01 वर्ष, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक)** – 30/05/2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक)**– 30/05/2025, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाईट https://www.ireps.gov.in उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (विघुत) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता.)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 09.05.2025,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन–28–25–26, कार्य का नाम:** सियालदह मंडल की बनगांव–पेट्रापोल शाखा में ब्रिज नं. 76–टी के रिगर्डरिंग के लिए प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु.9,19,85,718/–, **बयाना राशि :** रु. 6,09,900/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 05.06.2025 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि:** 18 (अठारह) माह। (1) निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (2) भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार, ई–निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है। (3) **निविदा के खुलने की तिथि और समय** दिनांक 05.06.2025 को 15.30 बजे है। SDAH-51/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## 'वक्फ संशोधन हिंसा में नहीं, जमीन विवाद में हुई हत्या', जाफराबाद में पिता–पुत्र की हत्या मामले में खुलासा

### पुलिस ने मास्टरमाइंड को किया गिरफ्तार, अबतक मामले में 10 गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद में वक्फ अशांति के दौरान पिता और पुत्र की हत्या की सनसनीखेज जानकारी मिली।जाफराबाद में पिता–पुत्र की हत्या अशांति के कारण नहीं, बल्कि भूमि विवाद के कारण हुई। पुलिस ने शुक्रवार रात झारखंड से एक अन्य मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा किया है। इस घटना में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या बढ़कर दस हो गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूत्र से सूचना मिलने के बाद एसआईटी सदस्यों ने शुक्रवार रात झारखंड के पकुरा इलाके में छापेमारी की। वहां से पुलिस ने हरगोविंद दास और चंदन दास की हत्या के मुख्य आरोपियों



में से एक हजरत को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ के बाद पुलिस को पता चला कि हजरत ही दो लोगों की हत्या का मास्टरमाइंड था। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार व्यक्ति ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि उसका जाफराबाद में मारे गए पिता–पुत्र के साथ जमीन को लेकर कुछ समय से विवाद चल रहा था। आंदोलन और उसके आसपास की अशांति का लाभ उठाते हुए हजरत ने कुछ बदमाशों के साथ मिलकर पिता और पुत्र की हत्या कर दी। पता चला है कि जाफराबाद में मारे गए पिता–पुत्र उस गांव में जमीन के मालिक थे। हज़रत उस ज़मीन पर अपने घर के लिए बिजली के खंभे लगाना चाहते थे और सीवरेज बनवाना चाहते थे। लेकिन पिता और पुत्र अनिच्छुक थे। इसी बात से हज़रत को उस परिवार पर गुस्सा आया। आरोप है कि हजरत ने आंदोलन का फायदा उठाकर पिता–पुत्र की हत्या कर जमीन हड़पने की योजना बनाई थी।

## कृष्णनगर में हेरोइन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 3 करोड़ की नशीली दवा जब्त व एक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कृष्णनगर पुलिस ने नशा विरोधी अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। इस विशेष अभियान के तहत पुलिस ने पलाशीपाड़ा थाना क्षेत्र से 2 किलो 969 ग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब तीन करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई पलाशीपाड़ा थाने के काबली खाली ब्रिज के पास पुलिस नाका चेकिंग के दौरान की गई, जहां अरशादुल शेख नामक युवक से यह नशीला पदार्थ बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया है और उसके पास से अन्य संदिग्ध सामान भी जब्त किए गए हैं।



पुलिस ने इस सफलता को हाल के समय की सबसे बड़ी कार्रवाई करार दिया है। शनिवार को जिला पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि आरोपी अरशादुल शेख पहले भी हेरोइन के साथ पकड़ा जा चुका है और वह स्थानीय निवासी है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह हेरोइन कहां से लाई गई थी और इसे किन लोगों को बेचा जाना था। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कई युवा इस नशा तस्करी के नेटवर्क का हिस्सा हैं। पुलिस का कहना है कि नशा कारोबार को पूरी तरह खत्म करना अकेले उसके वश की बात नहीं है और इसके लिए आम लोगों की जागरूकता जरूरी है।

**पूर्व रेलवे**

**नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं. सीओएम/सीएटीजी/न्यू एलॉटमेंट/ऑक्शन/2022** **दिनांक 09.05.2025**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत 05 वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा स्टेशन (ए 1 कैटेगरी) पर 01 स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान हेतु ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** ई–ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से देखें। नीलामी का विवरण: **ऑक्शन कैटलॉग सं. सीएटीजी–एमएवाई23–25, क्रम सं.:** एए/1, **लॉट सं./कैटेगरी:** सीएटीजी–एचडब्ल्यूएच–एचडब्ल्यूएच–एसएमयू–62–24–1 (कैटरिंग–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), **विवरण:** स्पेशल माइनर यूनिट (कैटरिंग) – **आरक्षित, रेट यूनिट :** वार्षिक लाइसेंसिग शुल्क, **ट्रिप/दिन :** 1826, **अंतिम तिथि/समय :** दिनांक 23.05.2025 को 12.30.00, **न्यूनतम वृद्धि (%):** 0.2, **ईएमडी :** 10%, **आवश्यक टर्नओवर :** शून्य। HWH-81/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## माकपा का कार्यकर्ताओं से राज्य में कोचिंग केंद्र और स्वास्थ्य सुविधा केंद्र स्थापित करने का आग्रह

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में अपनी स्थिति फिर से हासिल करने के लिए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में शिक्षा की वैकल्पिक सुविधा के रूप में कोचिंग केंद्रों और स्वास्थ्य केंद्रों को स्थापित करने का आह्वान किया है। पार्टी अधिकारियों द्वारा अपने कार्यकर्ताओं को लिखे गए पत्र में आर्थिक रूप से पिछड़े छात्रों के लिए 'कोचिंग केंद्र' स्थापित करने का आह्वान किया गया तथा राज्य के प्रत्येक जिले में ऐसे दो शिक्षा केंद्र खोलने का लक्ष्य तय किया गया है। इसमें कहा गया है कि इस उद्देश्य के लिए कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के शिक्षकों और छात्रों को लगाया जा सकता है। पत्र में कहा गया है कि स्कूली शिक्षा पाठ्यक्रम के अनुरूप ये वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों के रूप में कार्य कर सकते हैं। साथ ही, कहा गया है कि अगस्त तक इन सुविधाओं की स्थापना में महत्वपूर्ण प्रगति होनी चाहिए। इसमें कहा गया कि वैकल्पिक स्वास्थ्य सुविधाएं, उचित मूल्य पर चिकित्सा सहायता और दवाएं उपलब्ध कराना वर्तमान में एक महत्वपूर्ण कार्य है और वाम दल की प्रत्येक क्षेत्र समिति में ऐसी सुविधाएं स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। माकपा के पत्र में यह भी कहा गया है कि पार्टी के 'रेड वालंटियर्स' के अलावा चिकित्सकों, नर्सों, मेडिकल प्रतिनिधियों के संगठनों को अगस्त तक पूरे राज्य में ऐसे वैकल्पिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने के लिए मिलकर काम करना होगा। बता दें कि 'रेड वालंटियर्स' वामपंथी दलों द्वारा समर्थित एक संगठन के सदस्य हैं, जिन्होंने कोरोना महामारी के दौरान और बाद में अन्य संकटों के दौरान लोगों को दवा और भोजन उपलब्ध कराने में मदद की। माकपा ने अपने नेताओं से बंगाल के हर जिले में पार्टी के स्कूल स्थापित करने में तेजी लाने का भी आग्रह किया है ताकि उसके कार्यकर्ताओं को वैचारिक और राजनीतिक शिक्षा दी जा सके।

### माकपा की चेतावनी : सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत राय को पार्टी की लाइन बताने से रोका

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की राज्य इकाई ने सोशल मीडिया पर पार्टी की आधिकारिक लाइन से इतर राय रखने वाले युवा सदस्यों को चेतावनी दी है। एक आंतरिक पत्र के माध्यम से पार्टी नेतृत्व ने विशेष रूप से युवा कार्यकर्ताओं को सावधानी बरतने और सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत राय को पार्टी की आधिकारिक राय के रूप में प्रस्तुत न करने की सख्त सलाह दी है। इस पत्र में दो मुख्य निर्देश दिए गए हैं–पहला, कोई भी सदस्य ऐसा कोई वक्तव्य सोशल मीडिया पर न दे जो पार्टी की तय राजनीतिक नीति से टकराता हो। दूसरा, यदि कोई अपनी व्यक्तिगत राय व्यक्त करता है तो उसे स्पष्ट रूप से यह बताना होगा कि यह उसकी निजी राय है, पार्टी की नहीं। पत्र में यह भी बताया गया है कि नेतृत्व के संज्ञान में यह बात आई है कि कई बार सोशल मीडिया पर कुछ साथियों की व्यक्तिगत राय पार्टी की आधिकारिक नीति से एकदम उलट होती है। इसे अनुशासनहीनता माना जाएगा। पार्टी ने यह भी साफ किया है कि सोशल मीडिया पर पार्टी नेताओं, नेतृत्व समूहों या अन्य साथियों के खिलाफ किसी भी प्रकार की टिप्पणी को आंतरिक गुटबाज़ी के रूप में देखा जाएगा, और संबंधित सदस्यों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। पार्टी के एक राज्य समिति सदस्य ने बताया कि बीते समय में कुछ सदस्यों को मौखिक या अनौपचारिक चेतावनी दी गई थी, जब उन्होंने नेतृत्व या अन्य साथियों के खिलाफ गलत जानकारी या अपमानजनक बातें सोशल मीडिया पर पोस्ट की थीं। कुछ ने अपनी गलती सुधारी, लेकिन कुछ नहीं माने। अब यह पत्र एक आधिकारिक चेतावनी है, जो सभी पर लागू होगी।

www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

### अब बस का लोकेशन बताएगी ऐप, बुक कर सकेंगे टिकट

# कोलकाता में 'व्हेयर इज माई बस' ऐप लॉन्च, परिवहन मंत्री ने किया उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** बस कब आएगी? यह वही सवाल है जो यात्री हर दिन पूछते हैं। अब उस प्रश्न का उत्तर सामने है। 'व्हेयर इज माई बस' ऐप लॉन्च किया जा रहा है। परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने शनिवार को ऐप का उद्घाटन किया। परिवहन विभाग और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की संयुक्त पहल के रूप में विकसित इस ऐप का मुख्य लक्ष्य उपयोग में आसान और सुरक्षित परिवहन प्रणाली बनाना है। कोलकाता में सार्वजनिक परिवहन पर प्रतिदिन यात्रा करने वाले हजारों लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने 'व्हेयर इज माई बस' ऐप लांच किया है। इस ऐप के जरिए आप बस की सही लोकेशन जान सकते हैं। इससे न केवल आप यह जान सकेंगे कि बस कहां है, बल्कि डिजिटल टिकट खरीदने की व्यवस्था भी होगी। शुरुआत में 16 विशेष रूटों की 60 बसों को इस ऐप में शामिल किया गया है। यह सेवा अगले 4-6 सप्ताह के भीतर कोलकाता की सभी वातानुकूलित सरकारी बसों में उपलब्ध करा दी जाएगी। बाद में, कोलकाता की सभी निजी बसों को भी इसके अंतर्गत लाया जा सकता है। इस ऐप से बस की वर्तमान स्थिति की पहचान करना, बस के आने का विशिष्ट समय, किसी विशिष्ट मार्ग पर बस स्टॉप और निर्दिष्ट किराया और ऐप के माध्यम से सही किराया का भुगतान किया जा सकेगा। इस ऐप के जरिए कंट्रोल रूम से बसों पर नजर रखने की सुविधा मिलेगी। परिणामस्वरूप, तेज गति से वाहन चलाने और मार्ग परिवर्तन सहित किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने का अवसर मिलेगा। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। यह शीघ्र ही आईओएस ऐप स्टोर पर भी उपलब्ध होगा।




## दक्षिण 24 परगना में किशोर गर्भधारण की संख्या 12,500!

**बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन का नए विचार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में स्कूली लड़कियों की कम उम्र में शादी रोकने के लिए कई परियोजनाएं हैं। प्रशासन भी जागरूकता को बढ़ावा दे रहा है। इसके बावजूद दक्षिण 24 परगना स्वास्थ्य जिले में बाल विवाह की संख्या पर रोक नहीं लग पा रही है। जिला प्रशासन भी इसको लेकर चिंतित है। यह सनसनीखेज जानकारी हाल ही में एक प्रशासनिक रिपोर्ट में सामने आई है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, जहां 2023-24 में इस स्वास्थ्य जिले में किशोर गर्भधारण की संख्या करीब 14,000 थी, वहीं इस बार यह संख्या करीब 12,500 है। आंकड़ों के अनुसार, यह संख्या 1,500 कम है, जो वास्तव में एक सफलता लगती है, लेकिन प्रशासन का कहना है कि यह कोई राहत देने वाली बात नहीं है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, कैनिंग उपखंड में बाल विवाह की घटनाएं जिले में सबसे अधिक हैं। यह प्रवृत्ति बसंती, जयनगर और कुलतली में भी मौजूद है। इस मामले में प्रशासनिक स्तर पर इस बात पर भी चर्चा शुरू हो गई है कि क्या बर्दवान और बीरभूम मॉडल को अपनाया जाए। दक्षिण 24 परगना जिले के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुक्तिसाधन मैती ने कहा कि हालांकि पिछले साल की तुलना में इस साल जिले में गर्भवती किशोरियों की संख्या में थोड़ी कमी आई है, लेकिन आंकड़े चिंताजनक हैं। इस संबंध में अधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

## बिधाननगर में नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप, आरोपी युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के विधाननगर में सनसनीखेज घटना सामने आयी है। इस घटना में सातवीं कक्षा की एक बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया जब वे अपने दोस्तों के साथ पड़ोस के मैदान में खेलने जा रही थी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आरोपी का घर बिधाननगर नगर पालिका क्षेत्र में है। स्थानीय निवासियों को जैसे ही पता चला वे तुरंत वहां पहुंचे। इसके बाद आरोपी की पिटाई शुरू हो गई। खबर मिलते ही बागुइहाटी और एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन से पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। युवक को उत्तेजित भीड़ से बचाया गया और गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ जारी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को शनिवार को बैरकपुर अदालत में पेश किया जा रहा है।

# हम भारतीय वीर हैं भाई ऐसा सबक सीखा देंगे : विजय यादव

### भारत- पाक संघर्ष के बीच ओजपूर्ण कविता के जरिए पड़ोसी देश को दिया सख्त संदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई और दोनों देशों के बीच जारी मौजूदा संघर्ष के मद्देनजर पूरा देश सेना के साथ खड़े होकर मनोबल बढ़ा रहा है। इसी क्रम में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे मुख्यालय, मालीगांव, गुवाहाटी में मुख्य दक्षता निरीक्षक के रूप में कार्यरत व रेल कवि के रूप में अपनी पहचान बना चुके विजय कुमार यादव ने अपनी ओजपूर्ण कविता के जरिए सुरक्षाबलों की सराहना करते हुए पाकिस्तान व आतंकी आकाओं को सख्त संदेश दिया है। उन्होंने 'हम भारतीय वीर हैं भाई ऐसा सबक सीखा देंगे' शीर्षक वाली कविता के जरिए स्पष्ट कहा कि हरगिज माफ नहीं करेंगे ईंट से ईंट बजा देंगे। उनकी कविता है- हम भारतीय वीर हैं भाई ऐसा सबक सीखा देंगे, हरगिज़ माफ़ नहीं करेंगे ईंट से ईंट बजा देंगे। हम संयमित हम यूं शांत हैं। अगर उलझेगा तेरा अंत है, सीमा पर ही दबा देंगे। हम भारतीय वीर हैं भाई। भगत सिंह से हमने सीखा वीर की गाथा हमने लिखा। तेरी राह दिखा देंगे। हम भारतीय वीर हैं भाई ऐसा सबक सीखा देंगे। बता दें कि लोगों में देशभक्ति का जोश भरने वाली विजय की यह कविता खूब पसंद की जा रही है। यूट्यूब व अन्य इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर इस कविता को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है।विजय अब तक दर्जनों कविताएं लिख चुके हैं।



**❑ नवोदित कवि के रूप में बनाई है पहचान**

ज्ञात हो कि मूल रूप से बिहार के मधुबनी जिले के नाहर बलुआहा गांव निवासी विजय यादव रेलवे में अपने कार्यालय के कार्य व जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करते हुए साहित्यिक कायरें में भी काफी रूचि रखते हैं। हिंदी एवं मैथिली भाषाओं में कविताओं एवं गीतों की रचना वे लगातार करते आ रहे हैं। उन्हें कई प्रतिष्ठित सम्मान भी प्राप्त हो चुका है। उनकी कई कविताएं व रचनाएं रेलवे की पत्र- पत्रिकाओं में भी प्रकाशित हो चुकी हैं।

## अस्पताल से नवजात बच्चा चोरी करने की कोशिश, पकड़ी गई महिला

**मालदह :** मालदह के गाजोल स्टेट जनरल अस्पताल में शनिवार दोपहर एक चौंकाने वाली घटना घटी। जिसमें एक महिला ने नवजात बच्चा चोरी करने की कोशिश की। हालांकि, महिला को पकड़ लिया गया और नवजात बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। इस घटना के बाद अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे और अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन हुआ। परिवार के सदस्य और स्थानीय लोग अस्पताल के सामने जमा हो गए और विरोध में नारेबाजी करने लगे। पुलिस घटना की जांच कर रही है, और अस्पताल प्रशासन ने सुरक्षा को और सख्त करने का निर्णय लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गाजोल थाना क्षेत्र के बुजरुक बांधाइल इलाके की निवासी ईसा साहा ने चार दिन पहले अस्पताल में बेटे को जन्म दिया था। शनिवार को मां और बच्चा अस्पताल से छुट्टी लेने वाले थे, लेकिन जब मां कागजात की प्रतिलिपि कराने के लिए बाहर गईं, तो उन्होंने बच्चे को बिस्तर पर अकेला छोड़ दिया। जब वह लौटी, तो देखा कि बच्चा घर पर नहीं था। वहीं, अस्पताल परिसर और आसपास के इलाके में बच्चे की तलाश की गई, और कुछ समय बाद बेलडांगी इलाके से महिला को बच्चा लेकर पकड़ा गया। इसके बाद माहौल में और तनाव बढ़ गया। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर थाने ले लिया, और मामले की जांच जारी है। गाजोल स्टेट जनरल अस्पताल के सुप्रिंटेंडेंट अंजन राय ने कहा कि अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किया जाएगा।




इंटाली स्थित टेस्ट एन बाइट बेकरी शॉप ने 4 पाउंड के केक द्वारा भारत के सशस्त्र बलों के सम्मान और ऑपरेशन सिंदूर की याद में बनाया। इस केक में एस400 एयर डिफेंस सिस्टम और राफेल जेट की प्रतिकृतियां थीं।

# डीपीएस रूबी पार्क, कोलकाता में रवींद्र जयंती पर सांस्कृतिक श्रद्धांजलि

### कविगुरु रवींद्रनाथ ठाकुर की 164वीं जयंती पर विशेष आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली पब्लिक स्कूल, रूबी पार्क, कोलकाता में 9 मई को कविगुरु रवींद्रनाथ ठाकुर की 164वीं जयंती को अत्यंत श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से इस महान विभूति को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिसमें संगीत, नृत्य, नाटक और कविता के माध्यम से उनके कालजयी रचनाओं का जीवंत प्रदर्शन किया गया। कविगुरु रवींद्रनाथ ठाकुर एक सच्चे अर्थों में बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे – वे नोबेल पुरस्कार से सम्मानित कवि ही नहीं, बल्कि दार्शनिक, नाटककार, संगीतकार और दूरदर्शी चिंतक भी थे, जिन्होंने कला और



चिंतन की परिभाषा को एक नई दिशा दी। कार्यक्रम की शुरुआत रवींद्र संगीत की मनमोहक प्रस्तुति से हुई, जिसमें आमार शोनार बांग्ला, आमी तोमाय भालोबाशी और आजी बांग्लादेशेर हृदय होते जैसे गीत शामिल थे। इसके बाद प्रस्तुत किया गया बंगाली लघु नाट्य संगति, जो टैगोर की विश्व-भारती या वैश्विक एकता की संकल्पना पर आधारित था। इस नाट्य प्रस्तुति में विभिन्न संस्कृतियों और राष्ट्रों के लोगों के बीच एकता, सम्मान और सहयोग का संदेश दिया गया। समापन सत्र में धन्यवाद ज्ञापन के साथ भारत के राष्ट्रगान जन गण मन का गायन किया गया, जो स्वयं रवींद्रनाथ ठाकुर की अमूल्य देन है।



राज्य इंटक सेवादल द्वारा वेस्ट बंगाल सेवादल के प्रेसिडेंट प्रमोद पांडे के नेतृत्व में शुक्रवार को रविन्द्र जयंती उद्यापन किया गया।

# भाजपा नेता की मां का शव झाड़ी से मिला, मचा हड़कंप

**जलपाईगुड़ी :** जिले के मालबाजार इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक झाड़ी से भाजपा के पंचायत सदस्य की मां का खून से सना शव बरामद किया गया। मृतका की पहचान 48 वर्षीय गोलापी राय के रूप में हुई है। परिजनों ने इस मामले को हत्या बताया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। परिवार के अनुसार, गोलापी राय शुक्रवार की दोपहर एक शादी समारोह में जाने की बात कहकर घर से निकली थीं। लेकिन देर रात तक वे घर नहीं लौटीं। मोबाइल फोन भी बंद था, जिससे संपर्क नहीं हो सका। जब बेटे और परिजन विवाह स्थल पर पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि महिला वहां पहुंची ही नहीं थी। इसके बाद परिजनों को शक हुआ और खोजबीन शुरू की गई। रात को नेओड़ा स्टेशन इलाके के पास झाड़ियों में उनका शव पड़ा मिला। शव पर चोट के निशान थे और उनकी साड़ी से गला कसने के संकेत मिले। शव के पास एक लाठी भी पड़ी थी। इस सबको देखकर परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही मालबाजार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जलपाईगुड़ी जिला अस्पताल भेजा। मामले में मालबाजार थाने के आईसी सौम्यजीत मलिक ने आज शाम बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों को लेकर कुछ निश्चित रूप से कहा जा सकेगा। मृतका के बेटे विशाल राय स्थानीय पंचायत सदस्य हैं, जिसके चलते यह मामला और भी संवेदनशील बन गया है। इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और पुलिस सभी कोणों से जांच में जुट गई है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर मेट्रो ब्लू लाइन पर चलेगी 236 सेवाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** बुद्ध पूर्णिमा के दिन यानि 12 मई सोमवार को अवकाश होने के कारण मेट्रो ब्लू लाइन पर 262 सेवाओं के बजाय 236 (118 अप + 118 डाउन) सेवाएं चलाएगी। इस दिन मेट्रो की प्रथम सेवा 06:50 बजे नोआपाड़ा से कवि सुभाष तक और कवि सुभाष से दक्षिणेश्वर तक चलेगी। वहीं 06:55 बजे दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष तक और महानायक उत्तम कुमार से दक्षिणेश्वर तक चलेगी। अंतिम सेवा 21:30 बजे कवि सुभाष से दक्षिणेश्वर तक और 21:28 बजे दक्षिणेश्वर से कवि सुभाष तक चलेगी। वहीं 21:40 बजेकवि सुभाष से दमदम तक चलेगी। ब्लू लाइन पर विशेष रात्रि मेट्रो सेवाएं कवि सुभाष और दमदम स्टेशनों से उस दिन हमेशा की तरह रात 22:40 बजे उपलब्ध होंगी। उस दिन ग्रीन लाइन-1, ग्रीन लाइन-2, पर्पल लाइन और ऑरेंज लाइन पर सामान्य सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

# अजीमगंज स्टेशन का पुनर्विकास का काम युद्ध स्तर पर

**❑ यात्रियों को मिलेगी विश्वस्तरीय सुविधा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले का एक महत्वपूर्ण स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है। पूर्व रेलवे ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अजीमगंज को विश्व स्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित करने के लिए शामिल किया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अजीमगंज के लिए विकास योजना में अनुमानित लागत 1.5 करोड़ रुपये पर अग्रभाग में सुधार, रोशनी में सुधार, 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज का निर्माण, लिफ्ट का प्रावधान, 4 एस्केलेटर का प्रावधान, प्लेटफार्म की सतह में सुधार, प्लेटफार्म शेड में सुधार, अतिरिक्त पंखे, हाई मास्ट टावर का प्रावधान, वाटर कूलर का प्रावधान, रूफ प्लाजा का प्रावधान आदि शामिल हैं।पुनर्विकास में अनुमानतः 22.32 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यात्रियों को विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करने के लिए इस स्टेशन को बदलने की दिशा में आगे बढ़ते हुए प्लेटफॉर्म की नई सतह और प्लेटफॉर्म शेड, नींव, बीम, कॉलम, छत, ईंट का काम, मुख्य प्रवेश भवन के शौचालय ब्लॉक का प्लास्टर, 01 टावर घड़ी, 9 पीएफ जीपीएस घड़ी, 17 टीआईबी और 117 कोच मार्गदर्शन बोर्ड, बीएलडीसी छत पंखा, ट्रंकिंग लाइट, स्ट्रीट लाइट, हाई मास्ट टॉवर, बस बार, डीबी की स्थापना सहित कई काम अजीमगंज स्टेशन पर पहले ही पूरा हो चुका है। कुछ और कार्य अभी युद्ध स्तर पर चल रहे हैं जिसमें मौजूदा भवन के अग्रभाग और बरामदे का विकास, द्वितीय प्रवेश भवन (भूतल) के शेष कार्य को पूरा करना, बुकिंग कार्यालय का आंतरिक विकास, मौजूदा भवन का प्रतीक्षालय, नया शौचालय और द्वितीय प्रवेश भवन, प्रतीक्षालय और शौचालय, परिसंचारी क्षेत्र का विकास शामिल है। कुल कार्य लगभग 61% पूरा हो चुका है तथा शेष कार्य भी शीघ्र ही पूरा होने की उम्मीद है, जिससे अजीमगंज स्टेशन पर यात्रियों को विश्व स्तरीय अनुभव प्राप्त होगा।



## अजीमगंज स्टेशन पर मनाया गया शताब्दी वर्ष, आयोजित हुए सामुदायिक कार्यक्रम

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रतिष्ठित हावड़ा डिवीजन के शताब्दी समारोह के हिस्से के रूप में 10 मई 2025 को अजीमगंज स्टेशन और इसके परिचालित क्षेत्रों में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय संजीव कुमार के निर्देशन में सार्थक सामुदायिक पहल की एक श्रृंखला आयोजित की गई। दिन की शुरुआत रेलवे कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और स्थानीय निवासियों के साथ एक उत्साही प्रभात फेरी के साथ हुई, जिन्होंने स्टेशन परिसर में घूमकर स्वच्छता, स्थिरता और हावड़ा डिवीजन की 100 साल की यात्रा के ऐतिहासिक महत्व के बारे में जागरूकता फैलाई। इसके बाद, पौधारोपण अभियान चलाया गया जिसमें स्टेशन परिसर और उसके आसपास विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। इस पहल का उद्देश्य हरित आवरण को बढ़ाना और पारिस्थितिकी संतुलन को बढ़ावा देना है, जो पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्वच्छता और सार्वजनिक जिम्मेदारी के संदेश को सुदृढ़ करने के लिए रेलवे कर्मियों और स्थानीय स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी से सफाई अभियान भी चलाया गया। नागरिक जिम्मेदारी और सामूहिक प्रयास का उदाहरण पेश करते हुए, अजीमगंज स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया की पूरी तरह से सफाई की गई।



### न्यूज अपडेट

**सत्व सुकुन ने चौथी तिमाही में लाभ में 74.5% की वृद्धि दर्ज की**

**कोलकाता, समाज्ञा :** घरेलू साज-सज्जा और सुगंध उत्पाद बनाने वाली कंपनी सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त चौथी तिमाही और बारह महीनों के लिए मजबूत वित्तीय परिणाम दर्ज किए हैं। 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 74.5% बढ़कर 84.22 लाख रुपए हो गया, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 48.19 लाख था। 31 मार्च 2025 को समाप्त बारह महीनों के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ 108.9% बढ़कर 248.94 लाख रुपए हो गया, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 119.04 लाख रुपए था। 31 मार्च, 2025 को समाप्त बारह महीनों के लिए परिचालन से आय 48.1% बढ़कर 526.30 लाख रुपए हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 355.33 लाख थी। सत्व सुकुन लाइफकेयर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर तरूणकुमार ब्रह्मभट्ट ने कहा कि कंपनी की सफलता नवाचार-संचालित उत्पाद विकास, विनिर्माण क्षमताओं में निवेश और एक विस्तारित ग्राहक आधार के संयोजन से प्रेरित है, जो दीर्घकालिक टिकाऊ विकास की दिशा में अपना रास्ता मजबूत करता है।

**केनरा रोबेको ने लॉन्च किया केनरा रोबेको मल्टी एसेट एलोकेशन फंड**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के दूसरे सबसे पुराने एसेट मैनेजर, केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड ने आज केनरा रोबेको मल्टी एसेट एलोकेशन फंड के लॉन्च का ऐलान किया है। यह एक ओपन-एंडेड हाइब्रिड फंड है जिसका लक्ष्य बाजार के अच्छे प्रदर्शन के समय अल्फा रिटर्न हासिल करना और बाजार के खराब दौर में नुकसान की संभावना को कम करना है। यह फंड एक ओपन-एंडेड स्कीम है जो इक्विटी और इक्विटी से जुड़े इंस्ट्रूमेंट, डेट और मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट, गोल्ड ईटीएफ और सिल्वर ईटीएफ में निवेश करती है। केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफीसर रजनीश नरूला ने कहा कि केनरा रोबेको मल्टी एसेट एलोकेशन फंड के लॉन्च से न केवल हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार होगा, बल्कि यह निवेशकों को बाजार की नई-नई जरूरतों को पूरा करने के लिए अलग-अलग तरह के समाधान प्रदान करने की हमारी क्षमता को भी बढ़ाएगा।

**गार्डन वैरेली और 'माई नेम इज जान' का सहयोग, गौहर जान की धरोहर को मिलेगा सम्मान**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के प्रमुख वस्त्र ब्रांड गार्डन वैरेली ने प्रतिष्ठित नाट्य प्रस्तुति माई नेम इज जान के साथ मिलकर गायिका गौहर जान की धरोहर को सम्मानित करने की घोषणा की है। यह नाटक 10 मई 2025 को शाम 6:30 बजे कला मंदिर, कोलकाता में मंचित किया जाएगा। गार्डन वैरेली, जो भारतीय वस्त्र उद्योग में 40 वर्षों से अधिक समय से एक प्रमुख नाम है, अब एमसीपीआई प्राइवेट लिमिटेड और द चट्टर्जी ग्रुप के नेतृत्व में अपनी उत्पाद श्रृंखला का विस्तार कर रहा है। इस ब्रांड के पास साड़ियों, ड्रेस मटेरियल्स और प्रीमियम फैब्रिक के साथ-साथ आधुनिक भारतीय महिलाओं के लिए तैयार पहनने के कपड़े भी उपलब्ध हैं। एमसीपीआई प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ, देबी प्रसाद पात्रा ने कहा, हमारी यह साझेदारी भारतीय संस्कृति और कला को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। माई नेम इज जान के साथ यह सहयोग गौहर जान की संगीत धरोहर को श्रद्धांजलि अर्पित करता है, जो भारत की पहली रिकॉर्डिंग कलाकार थीं।


# सियालदह डिवीजन में बढ़ाई गई सुरक्षा, श्वान दस्तों से हो रही है जांच

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दिए जाने के प्रति सक्रिय प्रतिक्रिया स्वरूप सियालदह डिवीजन ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था को निर्णायक रूप से उन्नत कर दिया है तथा रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को हाई अलर्ट पर रखा है। इस बढ़ी हुई चेतावनी का असर सियालदह मंडल रेलवे नेटवर्क पर पहले से ही महसूस किया जा रहा है। रेलवे के परिचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ईंधन केन्द्रों पर अब अधिक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। श्वान दस्तों की उपस्थिति अब एक परिचित दृश्य बन गई है, उनकी तीव्र इंद्रियों को स्टेशनों और रेलगाड़ियों की गहन जांच करने के लिए अधिक बार तैनात किया जाता है, जिससे पता लगाने और रोकने की एक अतिरिक्त परत जुड़ जाती है। रेलवे स्टेशनों और लेवल क्रॉसिंग (एलसी) गेटों पर आरपीएफ और आरपीएसएफ की तैनाती भी बढ़ा दी गई है। स्टेशनों और रेलवे पटरियों पर नियमित गश्त की जा रही है। रेलवे स्टेशनों पर लगेज स्कैनर और हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टरों का उपयोग करके गहन सुरक्षा जांच की जा रही है। पीआरएस काउंटर, क्लॉक रूम, प्रतीक्षालय, शौचालय और सभा क्षेत्रों जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। दिन और रात दोनों समय आरपीएफ के जवान अधिक सक्रिय रूप से मौजूद रहते हैं तथा पटरियों और प्लेटफार्मों पर सतर्क नजर रखते हैं। डीआरएम सियालदह राजीव सक्सेना ने कहा कि आरपीएफ सियालदह यात्री सुरक्षा के प्रति अटूट समर्पण से प्रेरित है। सियालदह डिवीजन में व्यापक सुरक्षा संवर्द्धन को प्रतिबिम्बित करते हुए, जिसमें सक्रिय यात्री सहभागिता, कार्मिकों की रणनीतिक तैनाती, उन्नत तकनीकी जांच और उच्च यातायात वाले क्षेत्रों की केन्द्रित निगरानी शामिल है। सियालदह डिवीजन सभी के लिए सुरक्षित और आश्वस्त यात्रा अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ कर रहा है। बढ़ी हुई सुरक्षा उपस्थिति और कठोर जांच इस प्रतिबद्धता का ठोस प्रदर्शन है, जिसका उद्देश्य संभावित खतरों को रोकना है।



# जुबली ब्रिज : हुगली नदी पर एक ऐतिहासिक स्थल

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली नदी पर स्थित जुबली ब्रिज, जो नैहाटी और बंदेल कस्बों को जोड़ता है, 19वीं सदी की इंजीनियरिंग और औपनिवेशिक वास्तुकला का अद्वितीय उदाहरण है। इस पुल का डिजाइन 1867 से 1886 तक ईस्टर्न इंडिया रेलवे (ईआईआर) के एजेंट सर ब्रैडफोर्ड लेस्ली द्वारा किया गया था और इसे 16 फरवरी 1887 को औपचारिक रूप से खोला गया था। इसे रानी विक्टोरिया के शासनकाल के 50वें वर्ष के उपलक्ष्य में जुबली ब्रिज नाम दिया गया। पुल का डिजाइन उस समय के लिए एक इंजीनियरिंग चमत्कार था, जिसमें तीन गर्डरों का इस्तेमाल किया गया था। इसका केंद्रीय गर्डर 360 फीट लंबा था और दो खंभों पर टिका हुआ था। इसकी संरचना सममित और आकर्षक थी, जो इसे विशेष बनाती थी। कई वर्षों तक, जुबली ब्रिज ने हुगली नदी के दोनों किनारों के बीच यात्री और माल यातायात की सुविधा प्रदान की। हालांकि, 1979 में पुल के पेंडुलम बियरिंग में दरारें पाई गईं, जिसके बाद इस पर गति प्रतिबंध लगा दिया गया। तकनीकी समस्याओं के कारण इसे बंद कर दिया गया। यह पुल अब सेवा में नहीं है, लेकिन भारतीय रेलवे इतिहास में इसका एक महत्वपूर्ण स्थान है और यह औपनिवेशिक युग की याद दिलाता है।



# हावड़ा में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की रहस्यमय मौत

## पुलिस का अनुमान, कर्जदारों के दबाव से सामूहिक खुदकुशी का संदेह

**हावड़ा, समाज्ञा :** कथित तौर पर कर्जदारों के लगातार दबाव के कारण एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने आत्महत्या कर ली। यह दुखद घटना हावड़ा के बांकड़ा के दक्षिणपल्ली इलाके में घटी। शनिवार की शाम को पुलिस ने दरवाजा तोड़कर तीन लोगों के शव बरामद किए। मृतकों में बेटा शुभमय घोरुई, मां शेफाली घोरुई और बहन संगीता घोरुई हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, संगीता विकलांग है। कहा जा रहा है कि शुभमय ने कथित तौर पर कर्ज ले रखी थी। इस वजह से वह मानसिक तनाव में था। ऋणदाताओं का दबाव बढ़ रहा था। पुलिस को संदेह है कि संभवतः यही कारण है



कि उन्होंने कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर लिया। कहा जा रहा है कि महिला ने शुभमय को ब्लैकमेल कर उससे काफी पैसे ऐंठ लिए। यह भी माना जा रहा है कि इसके कारण उसने काफी कर्ज भी लिया गया। शुभमय ने कई लोगों से पैसे उधार लेकर एक महिला को बहुत सारा पैसा दे रखी थी। लेकिन शुभमय लेनदारों का पैसा चुकाने में असमर्थ था। वह लोक निर्माण विभाग के एक ठेकेदार के लिए काम करता था। इस दिन, सुबह में शुभमय का भतीजा आया। यह सुनकर कि लेनदार आ सकते हैं, भतीजे ने अपने चाचा के कहने पर बाहर से दरवाजा बंद कर दिया और चला गया। घर भी अंदर से बंद था। पड़ोसियों ने बताया कि दोपहर के बाद से उनके परिवार के किसी भी सदस्य को घर से बाहर निकलते नहीं देखा गया है। शाम तक घटना का पता चल गया। बांकड़ा पुलिस पहुंची और घर के अंदर व बाहर लगे दो ताले तोड़े तो घर के अंदर मां, बेटी व बेटे के शव पड़े मिले। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना आत्महत्या थी या कोई अन्य कारण, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद चलेगा। हालांकि, घर से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। इस घटना की जानकारी मिलने पर कई लेनदार वहां आए और बताया कि शुभमय ने उनसे लाखों उधार लिया था। स्थानीय निवासियों ने उस महिला की गिरफ्तारी की मांग की, जिसके कहने पर शुभमय ने इतनी बड़ी रकम उधार ली थी। पुलिस घटना की जांच कर रही है। भतीजे को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। पुलिस ने गवाहों और पड़ोसियों के बयान दर्ज किए हैं। लेनदारों को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है। उक्त घटना से से हड़कंप मच गया है।

# पांडुआ से गिरफ्तार पाकिस्तानी प्रेमी

**हुगली, समाज्ञा :** भारत और पकिस्तान के बीच चल रहे घमासान के बीच अमेरिका के हस्तक्षेप से दोनों देशों के बीच सीजफायर लागु हो गया। इसी बीच जिले के बालागढ़ के बाद अब पांडुआ में सोशल मीडिया पर पाकिस्तान प्रेम नजर आया। भारत विरोधी आपत्तिजनक और देशविरोधी पोस्ट करने के आरोप में पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में भाजपा की ओर से थाने में शिकायत दर्ज की गई थी। पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर आज अदालत में पेश किया। पुलवामा जैसी भयावह घटना के बाद पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 भारतीय नागरिकों की मौत के बाद भारत की तरफ से 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया है। सीमा पार आतंकवाद को जवाब देने के लिए भारत ने कड़ी कार्रवाई की है, जिससे सीमा क्षेत्रों में तनाव चरम पर पहुंच गया है। बालागढ़ में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में शेख शमशेर अली नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। वहीं, पांडुआ से शुकुर अली को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपितों को आज अदालत में पेश किया गया।

हुगली ग्रामीण पुलिस के डीएसपी (अपराध) अभिजीत सिन्हा महापात्र ने जानकारी दी कि दोनों आरोपितों के खिलाफ देशविरोधी पोस्ट, हिंसा फैलाने की कोशिश और भारत की संप्रभुता को चोट पहुंचाने जैसे गंभीर आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में बलागढ़ के आरोपी शेख शमशेर अली ने सफाई देते हुए कहा, मुझसे गलती से यह पोस्ट हो गया। मेरा कोई दूसरा उद्देश्य नहीं था।'

भाजपा के हुगली संगठनात्मक जिला महासचिव सुरेश साव ने कहा, 'जब देश के 140 करोड़ लोग सेना पर गर्व कर रहे हैं, तब बलागढ़ का एक व्यक्ति पाकिस्तान और बांग्लादेश के समर्थन में पोस्ट कर रहा है। वह भारत के विनाश की बात कर रहा है। हम उसे आतंकवादी से कम नहीं मानते। ऐसे लोगों को देश से बाहर भेज देना चाहिए।'

बालागढ़ के विधायक मनोरंजन व्यापारी ने फोन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'मुझे इस घटना की जानकारी नहीं है। बालागढ़ पहुंचकर इसकी जानकारी लूंगा। देश सबसे पहले है। यदि किसी ने देशविरोधी टिप्पणी की है तो पुलिस जांच कर उचित कार्रवाई करेगी। जरूरत पड़ी तो हम पुलिस को पूरा सहयोग देंगे।'

# प्राइवेट कोचिंग सेंटर के छात्रों ने उच्च माध्यमिक परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

**हुगली, समाज्ञा :** रिसड़ा स्थित एक प्रतिष्ठित निजी कोचिंग सेंटर जीत एजुकेशन के छात्रों ने इस वर्ष की उच्च माध्यमिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कोचिंग सेंटर के संचालक और वाणिज्य विषय के



अनुभवी शिक्षक जीतेन्द्र यादव (जीत सर) ने बताया कि उनके संस्थान से पढ़ाई करने वाले तीन छात्र टॉपर रहे हैं। खुशबू वर्मा ने अकाउंटेंसी विषय में 100 में से 97 अंक प्राप्त कर उत्कृष्टता का परिचय दिया। वहीं, अशोक सिंह और फैजल अनवर ने बिजनेस स्टडीज़ में 97 अंक प्राप्त कर विद्यालय के टॉपर बने हैं। इसके अलावा 27 छात्रों ने 90% से ऊपर अंक प्राप्त किए, 48 छात्रों ने 80% से अधिक अंक अर्जित किए, 76 छात्रों ने 70% अंक हासिल किए। कुल 171 छात्रों ने 60% से अधिक अंक प्राप्त कर न केवल कोचिंग सेंटर बल्कि विद्यालय और जिले का गौरव बढ़ाया। जीत सर ने इस सफलता का श्रेय छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और माता-पिता के सहयोग को दिया है।

# हावड़ा स्टेशन के आसपास अवैध लॉजों की भरमार, अग्नि सुरक्षा और लाइसेंसिंग पर सवाल

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर निगम और प्रशासन ने शुरू की सख्ती

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा स्टेशन और उसके आसपास के क्षेत्रों में बिना किसी नियमन के तेजी से लॉज और गेस्ट हाउस का व्यवसाय चल रहा है। इन अवैध लॉजों में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है, न ताजा हवा के लिए खिड़कियां हैं, न पीने योग्य पानी की व्यवस्था, न ही पर्याप्त रोशनी या आग लगने की स्थिति में किसी तरह की सुरक्षा। ऐसी लापरवाही भरे माहौल में रहना लोगों के जीवन को सीधा खतरे में डाल रहा है। आरोप है कि इन अवैध लॉजों को हावड़ा नगर निगम द्वारा रिहायशी मकानों में व्यापारिक



उपयोग के लिए बगैर समुचित निरीक्षण के ट्रेड लाइसेंस जारी कर दिया गया है। भाजपा के राज्य संपादक उमेश राय ने सवाल उठाते हुए कहा, रेसिडेंशियल बिल्डिंग में अवैध लॉज चलाए जा रहे हैं और निगम आंख मूंदे ट्रेड लाइसेंस जारी कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस को इन अवैध गतिविधियों की जानकारी होते हुए भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। हाल ही में कोलकाता के बड़ाबाजार इलाके में एक अवैध लॉज में लगी आग की घटना के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सख्त निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद हावड़ा नगर निगम और अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीमों ने निरीक्षण अभियान शुरू किया। हावड़ा नगर निगम के लाइसेंस विभाग के प्रशासक मंडली के सदस्य जनाब रिहाज अहमद ने कहा, हावड़ा स्टेशन के आसपास जितने भी गेस्ट हाउस और लॉज हैं, उनका निरीक्षण किया गया है। कई जगहों पर पाया गया कि उनके पास न तो वैध ट्रेड लाइसेंस है और न ही अग्निशमन विभाग की अनुमति। ऐसे सभी प्रतिष्ठानों को नोटिस भेजा गया है और उन्हें आग से बचाव की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

# बारासात मेडिकल कॉलेज की दूसरी मंजिल पर लगी भीषण आग, मचा हड़कंप


**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के बाद अब उत्तर 24 परगना जिले में भी आग की एक बड़ी घटना सामने आई है। शनिवार सुबह बारासात मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के एआरटी विभाग की दूसरी मंजिल पर अचानक आग लगने



से अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें उठती देख मरीज, उनके परिजन और अस्पताल का स्टाफ घबरा गया। घटनास्थल पर मौजूद डॉक्टर, नर्सें और अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी दहशत में आ गए। दमकल विभाग को सूचना देने के बाद दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। राहत की बात यह रही कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ और न ही किसी की मृत्यु की सूचना है। आग लगने के कारणों की पुष्टि अभी नहीं हो सकी है, लेकिन प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट को संभावित कारण माना जा रहा है। घटना की जांच जारी है, वहीं अस्पताल प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# गायघाटा में गृहिणी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में पूर्व प्रेमी सहित चार आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना ज़िले के गायघाटा इलाके एक विवाहित महिला से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में चार युवकों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में पीड़िता का पूर्व प्रेमी भी शामिल है। आरोपियों के नाम तरुण गेन, अभिजीत पाल, राजा साहा और तपब्रत धाली है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मुख्य आरोपी तरुण गेन का पीड़िता के साथ विवाह से पहले प्रेम संबंध था। शादी के बाद भी दोनों के बीच संपर्क बना रहा, लेकिन कुछ समय बाद उनके रिश्ते में खटास आ गई। संबंध बिगड़ने के बाद, आरोपी ने महिला को सबक सिखाने की साजिश रची। आरोप है कि तरुण गेन ने महिला को मिलने के बहाने रात में बाहर बुलाया। उसके तीन साथी अभिजीत पाल, राजा साहा और



तपब्रत धाली पहले से ही योजना में शामिल थे। महिला को स्वरूपनगर थाना क्षेत्र के एक सुनसान मैदान में ले जाया गया, जहां चारों ने उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने साहस दिखाते हुए तुरंत घटना की जानकारी गायघाटा पुलिस को दी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार की सुबह उन्हें बनगांव उपजिला न्यायालय में पेश किया गया, जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। इस घटना के बाद इलाके में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों और महिला अधिकार संगठनों ने दोषियों को कड़ी से कड़ी सज़ा देने की मांग की है। साथ ही, इस घटना ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर फिर से गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत इकट्ठा किए जा चुके हैं। मेडिकल रिपोर्ट और अन्य फॉरेंसिक सबूतों के आधार पर मामला मजबूत किया जा रहा है। पुलिस इस केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाने की सिफारिश करने की योजना बना रही है ताकि पीड़िता को जल्द न्याय मिल सके।

### बशीरहाट में रेलवे लाइन से मिला अर्धनग्न झुलसा हुआ शव

**कोलकाता, समाज्ञा :** बशीरहाट के माटिया थाना क्षेत्र में एक अर्धनग्न और झुलसे हुए शव के मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। यह शव घोड़ारस और मालतिपुर रेलवे स्टेशनों के बीच रेल लाइन के पास एक सुनसान स्थान पर स्थानीय निवासियों ने देखा। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई और क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा हो गया। सूचना पाकर माटिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बशीरहाट अस्पताल भेज दिया गया। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने मामला हत्या और आत्महत्या के एंगल से जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। फिलहाल, पुलिस आसपास के इलाकों में पूछताछ कर रही है और घटनास्थल से सुराग जुटाने की कोशिश कर रही है।

# बागदा में दादी के प्रेमी ने नाबालिग से किया दुष्कर्म, चुप रहने के लिए देता था रुपये

### ✒ पीड़िता की दादी व उसका प्रेमी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बागदा थाना अंतर्गत बलिदा पुकुर इलाके में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म और शारीरिक शोषण का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की दादी के प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उस वृद्ध महिला को भी हिरासत में लिया गया है, जिस पर आरोप है कि वह चुप रहने के बदले पैसे स्वीकार कर रही थी। पीड़िता लंबे समय से अपनी दादी शेफाली सरकार के साथ रह रही थी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शेफाली सरकार का हीरामोहन विश्वास नामक एक व्यक्ति से प्रेम संबंध था, जो अक्सर उनके घर



आता-जाता था। उसी दौरान उसकी नजर नाबालिग पर पड़ी। बताया जा रहा है कि वह उसे स्कूल और अन्य जगहों पर भी ले जाता था, इसी बहाने वह नाबालिग के संपर्क में आया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपित ने कई बार नाबालिग का शारीरिक शोषण किया। पीड़िता को किसी से कुछ न कहने की धमकी दी गई थी। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपित महिला यानी पीड़िता की दादी को भी चुप रहने के लिए पैसे दिए जाते थे। आरोप है कि महिला ने रिश्वत लेकर इस घिनौने कृत्य पर चुप्पी साध ली। आज सुबह फिर से नाबालिग के साथ अत्याचार किया गया, जिसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने पीड़िता को रक्तरहित अवस्था में देख तुरंत बागदा अस्पताल में भर्ती कराया और पुलिस को सूचित किया। बागदा थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने अपने गुनाह कबूल कर लिए हैं। आज दोनों को बनगांव महकमा अदालत में पेश किया गया। नाबालिग की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। इस घटना से पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया है। स्थानीय लोगों ने दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

# नदिया और बनगांव से 12 बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीमा क्षेत्र में एक और बड़ी सफलता मिली। नदिया के धनतला इलाके में 7 बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार कर लिए गए। दूसरी ओर, उत्तर 24 परगना के बनगांव में बागडे सीमा क्षेत्र से पांच और घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों को शनिवार को अदालत में पेश किया गया। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध का माहौल है। भारतीय सेना पाकिस्तानी हमले को विफल कर रही है। सीमा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा है। उस माहौल में भारत-बांग्लादेश सीमा क्षेत्र में भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस प्रशासन भी इलाके पर कड़ी नजर रख रहा है। पिछले कई दिनों से नादिया के कई सीमावर्ती इलाकों से बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ा जा रहा है। पुलिस ने फिर एक घुसपैठिये को गिरफ्तार किया।



नदिया के धनतला थाने की पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर सात बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया। पता चला है कि वे शुक्रवार रात को धनतला थाने के दत्तपुलिया क्षेत्र में घूम रहे थे। गुप्त सूत्र से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर छापा मारा। पूछताछ के दौरान सनसनीखेज जानकारी सामने आई। ज्ञात है कि कुछ महीने पहले वे एक दलाल की मदद से सीमा पार कर नादिया में घुसपैठ कर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने कई राज्यों में काम करना शुरू कर दिया। उन्होंने युद्ध के दौरान बांग्लादेश लौटने की योजना बनाई थी। तदनुसार, वे शुक्रवार की रात धनतला सीमा क्षेत्र के माध्यम से बांग्लादेश लौटने की कोशिश कर रहे थे। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान यह जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्हें शनिवार को रानाघाट न्यायिक अदालत में पेश किया गया।

दूसरी ओर, उत्तर 24 परगना के बागदा के पुरदाह चांगा बटाला इलाके से शनिवार की सुबह बांग्लादेशी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया गया। पांच घुसपैठिये सीमा पार कर बांग्लादेश में घुसने की कोशिश कर रहे थे। गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों को उन्हें देखकर संदेह हुआ। उनसे पूछताछ करने पर उनके शब्दों में कई विसंगतियां पाई गईं। उनके पास कोई भारतीय पहचान पत्र नहीं मिला। बाद में पता चला कि वे बांग्लादेशी घुसपैठिये थे। वे नरैल और बाघेरहाट सहित बांग्लादेश के कई जिलों के निवासी हैं। वे अवैध रूप से सीमा पार कर गुजरात में काम कर रहे थे। वर्तमान स्थिति में, उन्होंने दलालों की मदद से बांग्लादेश लौटने की योजना बनाई। उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। इस घटना में तीन दलालों को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों को आज बनगांव उपजिला न्यायालय में पेश किया गया।

# व्यापार

# अदाणी पावर उत्तर प्रदेश को 1,500 मेगावाट बिजली की आपूर्ति करेगी

**नयी दिल्ली :** अदाणी पावर ने शनिवार को कहा कि उसने उत्तर प्रदेश को एक अत्याधुनिक बिजली संयंत्र से 1,500 मेगावाट बिजली की आपूर्ति के लिए बोली जीती है। इसके लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किया जाएगा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने इस महीने की शुरुआत में परियोजना को मंजूरी दी थी। कंपनी ने कहा कि उसे शनिवार को प्राधिकरण पत्र (एलओए) मिला, जिसके तहत वह उत्तर प्रदेश बिजली निगम लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के




साथ एक दीर्घकालिक बिजली आपूर्ति समझौते पर हस्ताक्षर करेगी। भारत की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की तापीय बिजली कंपनी अदाणी पावर ने शनिवार को कहा कि उसने उत्तर प्रदेश को 1,500 मेगावाट बिजली की आपूर्ति के लिए एक कड़े मुकाबले में बोली जीती है। अनुबंध के तहत कंपनी राज्य में डिजाइन, निर्माण, वित्त, स्वामित्व और संचालन (डीबीएफओओ) मॉडल के तहत कुल 1500 मेगावाट क्षमता वाला अत्याधुनिक संयंत्र स्थापित करेगी और इससे 5.383 रुपये प्रति यूनिट की अत्यधिक प्रतिस्पर्धी दर पर बिजली की आपूर्ति करेगी। अदाणी पावर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस बी ख्यालिया ने बयान में कहा, 'हमें उत्तर प्रदेश राज्य को 1,500 मेगावाट बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिस्पर्धी बोली जीतने की खुशी है और राज्य की तेजी से बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभाने का सौभाग्य मिला है।'' उन्होंने आगे कहा, ''हम उत्तर प्रदेश में एक आधुनिक और कम उत्सर्जन वाला अत्याधुनिक संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रहे हैं और हमारा लक्ष्य वित्त वर्ष 2029-30 तक विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता वाली बिजली की आपूर्ति शुरू करने का है।'' ख्यालिया ने कहा कि अदाणी बिजली संयंत्र और संबंधित बुनियादी ढांचे की स्थापना में दो अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी।

# अदाणी समूह ने खनन लॉजिस्टिक के लिए भारत का पहला हाइड्रोजन ट्रक तैनात किया

**नयी दिल्ली :** अदाणी समूह ने शनिवार को कहा कि उसने छत्तीसगढ़ में खनन लॉजिस्टिक के लिए भारत का पहला हाइड्रोजन संचालित ट्रक तैनात किया है। यह ट्रप 200 किलोमीटर की दूरी तक 40 टन माल ले जा सकता है। समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज ने स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए हाइड्रोजन ईंधन सेल ट्रकों को हरी झंडी दिखाई। फर्म ने एक बयान में कहा, ''ये हाइड्रोजन संचालित ट्रक धीरे-धीरे कंपनी के लॉजिस्टिक संचालन में इस्तेमाल होने वाले डीजल वाहनों की जगह लेंगे।'' कंपनी ने कहा कि एक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी फर्म और एक प्रमुख



ऑटो विनिर्माता के सहयोग से अदाणी माल परिवहन के लिए हाइड्रोजन ईंधन सेल बैटरी से चलने वाले ट्रक विकसित कर रहा है।

## गूगल क्लाउड के लिए भारत सबसे तेजी से बढ़ते, रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजारों में से एक: एमडी बेदी

**नयी दिल्ली :** गूगल क्लाउड के उपाध्यक्ष और भारत में प्रबंध निदेशक (एमडी) बिक्रम सिंह बेदी ने कहा है कि एक विशाल उपभोक्ता बाजार और वैश्विक अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की भूमिका इसे कंपनी के लिए सबसे तेजी से बढ़ते और रणनीतिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक बनाती है। बेदी ने पीटीआई-भाषा से कहा, हम भारत को दो आयामों वाले बाजार के रूप में देखते हैं। पहला आयाम उस पैमाने से जुड़ा है जिस पर हम काम करते हैं – आपको इस पैमाने पर बहुत ज़्यादा देश नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा, भारत का एक दूसरा आयाम भी है... एक निर्माता अर्थव्यवस्था के रूप में – भारत विश्व के लिए निर्माण करता है, और गूगल क्लाउड में हम विश्व के लिए निर्माण करने के लिए कई कंपनियों के साथ मिलकर काम करते हैं... यह (भारत) स्पष्ट रूप से हमारे लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण बाजार है और गूगल क्लाउड के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। गूगल क्लाउड भारत में दो क्लाउड क्षेत्रों – मुंबई और दिल्ली का संचालन करता है। दोनों को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा प्रमाणित किया गया है। ये वित्तीय सेवाओं, स्वास्थ्य सेवा, ई-कॉमर्स और दूरसंचार सहित विभिन्न क्षेत्रों के ग्राहकों की एक विविध श्रेणी का समर्थन करते हैं। इसने भारत में लैंडिंग के साथ उप-सागरीय केबल परियोजनाओं में भी निवेश किया है, जिसमें रमन, मिस्ट और आईएएक्स शामिल हैं।

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में संतुलित, निष्पक्ष शर्तें सुनिश्चित करे भारत: जीटीआरआई

**नयी दिल्ली :** भारत को अमेरिका-ब्रिटेन व्यापार समझौते से सीख लेनी चाहिए और अमेरिका के साथ समझौता करते समय सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि समझौता पारस्परिक, संतुलित हो और केवल राजनीतिक विचारों से प्रेरित न हो। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने शनिवार को यह कहा। जीटीआरआई ने कहा कि आठ मई को अमेरिका और ब्रिटेन के बीच घोषित सीमित व्यापार समझौते से संकेत मिलते हैं कि वाशिंगटन अन्य प्रमुख साझेदारों, खासकर भारत के साथ किस तरह की व्यापार व्यवस्था कर सकता है। उसने कहा कि करीब से देखने पर पता चलता है कि ब्रिटेन ने अमेरिका को शुल्क में व्यापक रियायतें दी हैं, जबकि अमेरिका ने बदले में बहुत कम पेशकश की है।

### आरईसीपीडीसीएल संग संयुक्त उद्यम स्थापित करने के प्रस्ताव को दीपम की मंजूरी का इंतजार : बीएचईएल

**नयी दिल्ली :** आरईसीपीडीसीएल के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करने का प्रस्ताव वर्तमान में निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के पास इसकी मंजूरी के लिए गया हुआ है। सार्वजनिक क्षेत्र की बीएचईएल ने शनिवार को यह जानकारी दी। मार्च 2024 में, आरईसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी-आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल) ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के संयुक्त विकास के लिए भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (बीएचईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। एमओयू का उद्देश्य एक समर्पित विशेष उद्देशीय कोष (एसपीवी) के माध्यम से राष्ट्र के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों में योगदान करना है। बीएचईएल ने शनिवार को शेयर बाजार को बताया कि इस संबंध में प्रस्ताव दीपम के पास मंजूरी के लिए विचाराधीन है।

### अमेरिका और चीन के बीच शुल्क को लेकर वार्ता रविवार को भी जारी रहेगी: अधिकारी

**जिनेवा :** अमेरिकी और चीनी प्रतिनिधिमंडल के बीच शुल्क के मुद्दे पर संवेदनशील वार्ता एक दिन तक बातचीत बेनतीजा रही और रविवार को पुनः शुरू होगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारियों का मानना है कि शुल्क से वैश्विक अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचने का खतरा है। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट और चीन के उपप्रधानमंत्री हे लाइफेंग के बीच शनिवार को 10 घंटे से अधिक समय तक चली बैठक बेनतीजा रही। अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर एपी को बताया कि इस वार्ता के जरिये अमेरिका-चीन गतिरोध से प्रभावित विश्व बाजारों को स्थिर करने में मदद मिल सकती है।

# संत रविदास का दर्शन ही विकसित भारत संकल्प का प्रेरणास्रोत : योगी आदित्यनाथ

## मुख्यमंत्री योगी ने हनुमानगढ़ी में लगाई हाजिरी, श्रीरामलला का दर्शन-पूजन किया

**अयोध्या :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत का संकल्प, सद्गुरु संत रविदास जी की प्रेरणा से ही आगे बढ़ रहा है। शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राचीन संत रविदास मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य और नवनिर्मित सत्संग भवन का लोकार्पण किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने यहां सामूहिक सहभोज कार्यक्रम में



शामिल होकर संतों के साथ प्रसाद भी ग्रहण किया। इससे पहले उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री का विकसित भारत का संकल्प, सद्गुरू संत रविदास जी की प्रेरणा से ही आगे बढ़ रहा है। योगी ने कहा, संत रविदास ने कहा था, ''ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न, छोट बड़ा सब संग बसे, रैदास रहे प्रसन्न'', उनका यही दर्शन प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प का आधार है। योगी ने कहा कि हमारा देश तभी विकसित भारत बनेगा, जब हम एकजुट होकर जातिगत और आर्थिक विषमताओं को दूर कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज एक नयी अयोध्या का निर्माण हो रहा है और आज संत रविदास मंदिर के सौंदर्यीकरण और सत्संग भवन के लोकार्पण के साथ यह प्रक्रिया और सशक्त हुई है। उन्होंने इसके लिए महंत बनवारी पति ब्रह्मचारी जी महाराज को बधाई दी। योगी ने संत रविदास को मध्यकालीन संत परंपरा का सिद्ध संत बताते हुए कहा कि उन्होंने कर्मप्रधान व्यवस्था के माध्यम से सामाजिक चेतना को जागृत किया और सामाजिक विसंगतियों के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाई। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काशी में सीर गोवर्धन को 10 वर्षों में भव्य स्वरूप दिया गया है और अयोध्या का कायाकल्प भी उसी दिशा में एक कदम है।

### उत्तर प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में संपत्ति का हस्तांतरण, नामांतरण सस्ता, सरल व सुगम होगा: मंत्री

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में संपत्ति के हस्तांतरण एवं नामांतरण की कर निर्धारण प्रक्रिया को अब मानक उपविधि 2025 के तहत एकरूप और पारदर्शी बनाया जाएगा। एक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गयी। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि इस कदम से यह प्रक्रिया सस्ती, सरल और सुगम होगी। बयान के मुताबिक, सभी नगरीय निकायों में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और वित्तीय मजबूती सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में संपत्ति के हस्तांतरण एवं नामांतरण की कर निर्धारण प्रक्रिया को अब मानक उपविधि के तहत एकरूप और पारदर्शी बनाया जाएगा।

### इंदिरा जी को आज पूरा देश याद कर रहा है: पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत

**जयपुर :** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को कहा कि आज देश पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद कर रहा है। उन्होंने 'एक्स' पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह भारतीय सेना के जवानों के साथ एक सैन्य चौकी पर खड़ी हुई हैं। गहलोत ने लिखा, इंदिरा (गांधी) जी, आज पूरा देश आपको याद कर रहा है। भारत द्वारा पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम की घोषणा के बाद गहलोत ने शाम में यह पोस्ट किया था। गहलोत ने



हालांकि सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में कोई संदर्भ नहीं दिया। वर्ष 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं।

### राजस्थान: मुख्यमंत्री शर्मा ने 'उधमपुर एयरबेस' पर सेना के जवान के जान गंवाने पर दुख व्यक्त किया

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को 'उधमपुर एयरबेस' पर भारतीय सेना के जवान के जान गंवाने पर दुख जताया। शर्मा ने कहा, राष्ट्र सुरक्षा का कर्तव्य-निर्वहन करते हुए 'उधमपुर एयरबेस' पर वीरगति को प्राप्त राजस्थान के बेटे, झुंझुनूं निवासी, भारतीय सेना के जवान सुरेंद्र सिंह मोगा की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, प्रभु श्रीराम पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिवार को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ऊं शांति।

### झारखंड में लड़की से सामूहिक बलात्कार, तीन नाबालिगों समेत पांच गिरफ्तार

**रांची :** झारखंड के रांची जिले में एक लड़की के साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया और इस सिलसिले में तीन नाबालिगों समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी। पुलिस के एक बयान के अनुसार, यह घटना सात मई को रात करीब 11 बजे रांची शहर से करीब 45 किलोमीटर दूर चान्हो पुलिस थानाक्षेत्र में हुई। पुलिस के बयान में कहा गया है कि लड़की ने शिकायत दर्ज करायी है कि उसका नाबालिग प्रेमी अपने चार दोस्तों के साथ मिलकर उसे मोटरसाइकिल से एक सुनसान जगह पर ले गया, जहां उन्होंने उसके साथ बलात्कार किया। इसमें कहा गया है कि शिकायत के आधार पर आठ मई को थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। बयान में कहा गया है कि पुलिस की एक टीम गठित की गई है और सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। विज्ञप्ति में बताया गया कि उनके कब्जे से तीन मोटरसाइकिल और पांच मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। इसमें कहा गया है कि पांच आरोपियों में से दो को जेल भेज दिया गया है, जबकि तीन नाबालिगों को किशोर सुधार गृह में रखा गया है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### कांग्रेस ने पटना में सशस्त्र बलों के समर्थन में 'तिरंगा यात्रा' निकाली

**पटना :** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों के खिलाफ देश के सशस्त्र बलों द्वारा की गई कार्रवाई के समर्थन में पटना में 'तिरंगा यात्रा' निकाली। तिरंगा यात्रा गांधी मैदान स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा से कारगिल चौक तक निकाली गई। यात्रा में भाग लेने वालों में पार्टी के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, बिहार के पार्टी प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और राज्य पार्टी प्रमुख राजेश कुमार शामिल थे। बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय ध्वज के साथ मार्च किया, सुरक्षा बलों के साथ एकजुटता व्यक्त की और एकता का संदेश दिया। उन्होंने सुरक्षा बलों के समर्थन में नारे भी लगाए। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बघेल ने भारतीय सेना की बहादुरी की सराहना की।

### मुख्यमंत्री मान ने 'सैन्य जरूरतों' के लिए राजस्थान को अतिरिक्त पानी छोड़ने का आदेश दिया

**चंडीगढ़ :** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को राजस्थान को अतिरिक्त पानी छोड़ने का आदेश दिया, ताकि राज्य में सेना की जरूरतें पूरी की जा सकें। मुख्यमंत्री के हवाले से बयान में कहा गया कि राजस्थान सरकार ने पंजाब के कोटे से अधिक पानी मांगा है, ''क्योंकि राजस्थान सीमा पर तैनात सेना को अतिरिक्त पानी की आवश्यकता है''। मान ने कहा कि जब भी राष्ट्रीय हितों की बात आती है तो पंजाब कभी पीछे नहीं रहता। उन्होंने कहा, ''न केवल पानी, बल्कि पंजाब राष्ट्रीय हितों के लिए अपना खून भी बहा सकता है।''

### राजद ने प्रधानमंत्री मोदी से संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया

**पटना :** बिहार में विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद की घटनाओं पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया। भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने शनिवार शाम पांच बजे से जमीन, हवा और समुद्र पर सभी प्रकार की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताई है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं प्रधानमंत्री से संसद का विशेष सत्र बुलाने और पहलगाम आतंकवादी हमले से लेकर संघर्षविराम तक की विस्तृत जानकारी साझा करने तथा देश को विश्वास में लेने का आग्रह करता हूं।'' उन्होंने कहा, ''इससे सभी भारतीय नागरिक भारतीय सेना के पराक्रम, बहादुरी और साहस के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर सकेंगे तथा विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श कर सकेंगे और आतंकवाद की प्रयोगशाला चला रहे उस देश (पाकिस्तान) को पूरे राष्ट्र की ओर से एक सामूहिक संदेश भेज सकेंगे।''

## मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब के लिए विशेष पैकेज की मांग की

**चंडीगढ़ :** पंजाब को राष्ट्र की शस्त्र उठाने वाली भुज बताते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि केंद्र को इस सीमावर्ती राज्य को विशेष पैकेज देना चाहिए। मान ने पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के दौरान अपने विचार रखे। बाद में राज्यपाल कटारिया के साथ पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे युद्ध हो या कोई अन्य संकट, पंजाब और पंजाबी हमेशा अग्रिम मोर्चे पर रहते हैं। मान ने कहा कि हर युद्ध और तनाव के दौरान पंजाब को सबसे पहले नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पंजाब को उसके योगदान के लिए विशेष दर्जा मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब देश का अन्नदाता होने के साथ-साथ हमेशा से ही देश की शस्त्र उठाने वाली भुजा रहा है, लेकिन इसके योगदान को अब तक नजरअंदाज किया गया है। मान ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और कुछ पहाड़ी राज्यों की तर्ज पर पंजाब को भी विशेष पैकेज दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सीमावर्ती जिलों में तैनात डॉक्टरों, शिक्षकों, आंगनवाड़ी और अन्य कर्मचारियों के लिए सीमा क्षेत्र भत्ते की मांग भी भारत सरकार के समक्ष उठाएगी।

## नीतीश ने नेपाल सीमा और बांग्लादेश के करीब स्थित इलाकों में अधिक सतर्कता बरतने का निर्देश दिया

**पूर्णिया (बिहार) :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नेपाल से लगी सीमा और बांग्लादेश के करीब स्थित जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने का शनिवार को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के एक बयान के अनुसार, कुमार ने राज्य के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए यहां एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। हालांकि बैठक भारत-पाकिस्तान संघर्ष के मद्देनजर आयोजित की गई थी, लेकिन बाद में दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने शाम पांच बजे से सैन्य कार्रवाई को रोकने पर सहमति व्यक्त की। बैठक में, कुमार ने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि क्षेत्र में गश्त और तलाशी अभियान तेज करके राष्ट्रविरोधी तत्वों के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए सीमावर्ती जिलों में कड़ी निगरानी और असाधारण सतर्कता बरती जाए। राज्य की नेपाल से लगी लंबी सीमा है, जो कहीं-कहीं से खुली है। इसका उपयोग अक्सर अन्य देशों के घुसपैठिये भारतीय क्षेत्र में घुसने के लिए करते रहे हैं। बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, अपर मुख्य सचिव (गृह) अरविंद कुमार चौधरी, सुरक्षा बलों के अधिकारी, पूर्णिया, किशनगंज, कटिहार, अररिया और सुपौल जिलों के जिला मजिस्ट्रेट और एसपी भी शामिल हुए। बयान में कहा गया है, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नेपाल और बांग्लादेश की सीमा के करीब स्थित जिलों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। सभी संवेदनशील प्रतिष्ठानों, महत्वपूर्ण सड़कों, पुलों, रेलवे लाइनों, एलपीजी डिपो और धार्मिक स्थलों पर कड़ी सुरक्षा बनाए रखने की हिदायत दी है।

## रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता का नया अध्याय लिखेगी लखनऊ की ब्रह्मोस विनिर्माण इकाई

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी में रविवार को उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर दुनिया की सबसे विध्वंसक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 'ब्रह्मोस' की विनिर्माण इकाई की शुरुआत होने जा रही है। एक बयान के मुताबिक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह डिजिटल माध्यम से दिल्ली से इस समारोह में शामिल होंगे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर इस परियोजना का उद्घाटन करेंगे। यह कदम उत्तर प्रदेश और भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता को मजबूत करने तथा भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनावपूर्ण हालातों में सामरिक शक्ति को नयी धार देने की दिशा में मील का पत्थर साबित




होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह टाइटेनियम एंड सुपर एलॉयस मैटेरियल्स प्लांट (स्ट्रैटेजिक मैटेरियल्स टेक्नोलॉजी कॉम्प्लेक्स) का भी उद्घाटन करेंगे। यह विनिर्माण इकाई अंतरिक्ष और रक्षा क्षेत्र के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सामग्रियों का उत्पादन करेगी, जिनका उपयोग चंद्रयान मिशन और लड़ाकू विमानों में किया जाएगा। इसके साथ ही, ब्रह्मोस एयरोस्पेस की इंटीग्रेशन एवं टेस्टिंग फैसिलिटी परियोजना का भी लोकार्पण होगा, जो मिसाइलों के परीक्षण और एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में की थी, योगी सरकार की प्राथमिकता में रहा है। इस कॉरिडोर के छह नोड्स-लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, आगरा, झांसी, और चित्रकूट-में रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए व्यापक निवेश हो रहा है।

## एहतियात के तौर पर पंजाब के कई जिलों में फिर से ब्लैकआउट लागू

**चंडीगढ़ :** पंजाब सरकार ने शनिवार को कुछ जिलों में फिर से ब्लैकआउट के आदेश लागू कर दिए हैं। यह कदम भारत और पाकिस्तान के बीच तत्काल संघर्षविराम पर सहमति होने के कुछ ही घंटे बाद एहतियात के तौर पर उठाया गया। इससे पहले जिला प्रशासन ने ब्लैकआउट और अन्य प्रतिबंधात्मक आदेशों को वापस ले लिया था। होशियारपुर, फिरोजपुर, फाजिल्का, पठानकोट, पटियाला, मोगा और मुक्तसर जिलों में ब्लैकआउट उपाय लागू किए गए हैं। उपायुक्त (अमृतसर) साक्षी साहनी ने कहा, चूंकि युद्ध विराम उल्लंघन की खबरें आ रही हैं, इसलिए हम आज अलर्ट पर रहेंगे। उन्होंने कहा, अगर जरूरत पड़ी तो हम ब्लैकआउट करेंगे। मैं सभी को सलाह देती हूं कि अगर जरूरत पड़ी तो कृपया ब्लैकआउट लागू करने के लिए तैयार रहें और घर पर रहें। कृपया पटाखे न फोड़ें। हमने यह अभ्यास कई बार किया है, इसलिए कृपया घबराएं नहीं। यह अत्यधिक सावधानी के तौर पर किया जा रहा है। होशियारपुर जिला प्रशासन ने कहा कि रात आठ बजकर 50 मिनट पर ब्लैकआउट किया गया और हवाई हमले का सायरन बजाया गया। फिरोजपुर में जिला प्रशासन ने बताया कि रात आठ बजकर 40 मिनट पर ब्लैकआउट कर दिया गया और नागरिकों से लाइटें बंद करने का आग्रह किया गया।

### पत्नी और चार महीने के बच्चे की हत्या के बाद व्यक्ति ने आत्महत्या की

**बांदा :** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से अपनी पत्नी की गला रेतकर और चार महीने के बेटे की गला घोंटकर हत्या करने के बाद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बांदा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पलाश बंसल ने बताया कि अतर्रा कस्बे के आजाद नगर मोहल्ले में एक मकान के मालिक ने कमरे से दुर्गंध आने पर पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने कमरे का ताला तोड़कर जितेंद्र (23), पत्नी गौरा (20) और उसके चार महीने के बेटे के शव बरामद किये। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। अधिकारी ने बताया कि अब तक की जांच में सामने आया कि जितेंद्र अहमदाबाद में रहकर पेंटिंग का काम करता था और उसका परिवार अतर्रा कस्बे के आजाद नगर मोहल्ले में किराए के कमरा में रहता था। उन्होंने बताया कि जितेंद्र बृहस्पतिवार को अहमदाबाद से वापस अतर्रा आया और खाने को लेकर हुए विवाद में उसने धारदार हथियार से पहले पत्नी की गला रेतकर हत्या कर और फिर अपने चार महीने के बेटे की गला दबाकर हत्या करने के बाद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। अधिकारी ने बताया बृहस्पतिवार से तीनों के शव कमरे में बंद पड़े थे।

### अमृतसर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से हथियारों और गोलाबारूद का जखीरा बरामद

**चंडीगढ़ :** बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने शनिवार को अमृतसर के खेत से दो हैंड ग्रेनेड और 2.70 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री सहित हथियारों और गोला-बारूद का एक जखीरा बरामद किया। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुख्ता सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बीएसएफ और पंजाब पुलिस के जवानों ने शनिवार को अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। प्रवक्ता ने बताया कि उन्होंने 2.70 किलोग्राम विस्फोटक, दो हैंड ग्रेनेड, दो पिस्तौल, चार मैगजीन, 30 गोली, दो डेटोनेटर और एक 'परिष्कृत विस्फोटक उपकरण' (आईईडी) सर्किट से भरा एक पैकेट बरामद किया। पैकेट को पीले रंग की प्लास्टिक सामग्री में लपेटा गया था और उसमें एक धातु का तार लगा हुआ था, जिससे पता चलता है कि यह ड्रोन से गिराया गया था। बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि यह बरामदगी अमृतसर के शेख भट्टी गांव के निकट एक खेत से की गई।

## हाथरस में खेत से सात वर्षीय बच्चे का शव बरामद

**हाथरस :** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में शनिवार को खेत से सात वर्षीय एक बच्चे का शव बरामद किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। यह घटना जिले के मुरसान थाना क्षेत्र के खुटीपुरी जाटान गांव की है। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान खुटीपुरी जाटान गांव के भोला उर्फ जीवन (7) के रूप में हुई है, जो आठ मई की दोपहर से लापता था। बच्चे के हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए थे। भोला के पिता राजपाल सिंह की घर के पास ही चक्की है। आठ मई को भोला चक्की पर मौजूद था और अपराह्न करीब तीन बजे वह शौच के लिए चक्की के पीछे खेत में गया था, तभी से वह लापता था। परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद इस संबंध में थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। मुरसान थाने की प्रभारी ममता सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह गांव के एक खेत से बच्चे का शव बरामद हुआ है। उसके हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए थे। शव पर चोटों के निशान के बारे में उन्होंने कहा कि शव काफी हद तक सड़ चुका है, इसलिए बाकी जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

## 'मोटा' कहकर मजाक उड़ाने पर दो लोगों को गोली मारकर घायल किया, आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में 'मोटा' कहकर मजाक उड़ाने पर एक व्यक्ति ने दो युवकों को गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शिकायत मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर शुक्रवार शाम को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, बेलघाट थानाक्षेत्र के निवासी अर्जुन चौहान पांच दिन पहले अपने चाचा के साथ तरकुलहा देवी मंदिर के पास एक सामुदायिक भोज में शामिल होने गया था। पुलिस ने बताया कि भोज के दौरान दो अन्य मेहमानों अनिल चौहान और शुभम चौहान ने उसके मोटेपन का



मजाक उड़ाया और कथित तौर पर उसे 'मोटू' कहा। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जितेंद्र कुमार ने बताया, टिप्पणी से नाराज अर्जुन चौहान ने बृहस्पतिवार को अपने दोस्त आसिफ खान के साथ राजमार्ग पर उन दोनों का पीछा किया और शुरुआती प्रयास के बाद जगदीशपुर-कालेसर बाईपास पर तेनुआ टोल प्लाजा के पास उनकी कार को रोकने में कामयाब रहा। उन्होंने बताया कि अर्जुन और आसिफ ने दोनों युवकों का कॉलर पकड़कर उन्हें कार से बाहर निकाला और उन पर गोलियां चलाईं। अधिकारी ने बताया कि राहगीरों ने घायल युवकों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें गोरखपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों युवक अब खतरे से बाहर हैं और घायल शुभम के पिता की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### दहेज हत्या के मामले में पति समेत पांच लोगों को आजीवन कारावास की सजा

**बलिया (उप्र) :** बलिया की एक अदालत ने दहेज के लिए एक महिला की हत्या के करीब ढाई साल पुराने मामले में पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित पाल सिंह की अदालत ने सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद शुक्रवार को महिला के पति गणेश कुमार गुप्ता, सास मंदोदरी देवी, ननद चंपा देवी तथा रेखा देवी और ननदोई अमर नाथ गुप्ता को दोषी ठहराया। अभियोजन पक्ष के अनुसार जिले के बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के सोनपुर गांव में 24 दिसंबर 2022 को दहेज के लिए सीता देवी की जलाकर हत्या कर दी गई। इसके अनुसार महिला के पिता बिहार के बक्सर जिले के निवासी लाल जी कानू की तहरीर पर गणेश, मंदोदरी, चंपा देवी, रेखा देवी तथा अमर नाथ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

## बिहार में बस और ट्रक की टक्कर में तीन लोगों की मौत, 20 से अधिक घायल

**जहानाबाद (बिहार) :** बिहार के जहानाबाद जिले में शनिवार को यात्रियों से भरी एक बस और ट्रक के बीच आमने-सामने हुई टक्कर में 14 वर्षीय एक लड़के सहित कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई तथा 20 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 22 पर लोदीपुर बाईपास के पास हुई, जब बस और व्यावसायिक वाहन के बीच



टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान प्रिंस कुमार (14), अयोध्या राम और चिंतामणि के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब सभी पीड़ित एक विवाह समारोह से लौट रहे थे। करौना पुलिस थाने के उपनिरीक्षक राजीव रंजन ने बताया, शनिवार की सुबह तीन बजे लोदीपुर बाईपास के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग 22 पर बस और ट्रक के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में 14 वर्षीय एक लड़के सहित कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा और घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया, गंभीर रूप से घायल आठ लोगों को बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि घायलों में बस का चालक भी शामिल है। ग्रामीणों के अनुसार, सभी पीड़ित एक शादी समारोह से लौट रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मामले की जांच जारी है। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक मौके से भागने में सफल रहा, लेकिन वाहन को जब्त कर लिया गया है।

### राजस्थान के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश

**जयपुर :** पश्चिमी विक्षोभ के असर से राजस्थान के अनेक इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के जयपुर केंद्र के अनुसार शनिवार सुबह तक चौबीस घंटे की अवधि में राज्य में कहीं कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़) में 43 मिलीमीटर दर्ज की गई। इस दौरान सर्वाधिक अधिकतम तापमान चूरू में 38.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 4.0 डिग्री कम है। इसके अनुसार राज्य में आंधी-बारिश की गतिविधियों में 12-13 मई से कमी होने तथा तापमान में तीन से पांच डिग्री बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### झारखंड के चतरा में बस सड़क के किनारे पेड़ से टकराई, 22 लोग घायल

**चतरा (झारखंड) :** झारखंड के चतरा जिले में शनिवार को एक यात्री बस के सड़क किनारे पेड़ से टकरा जाने से कम से कम 22 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सदर थाना क्षेत्र में गंधारिया गांव के पास सुबह करीब 10 बजे हुई जब यात्रियों को लेकर बस चतरा से कोडरमा जिले के तिलैया जा रही थी। सदर थाने के प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि किसी की मौत की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा, ''सभी 22 घायल लोगों को चतरा के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर बताई गई है।''

### उत्तर प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में संपत्ति का हस्तांतरण, नामांतरण सस्ता, सरल व सुगम होगा: मंत्री

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में संपत्ति के हस्तांतरण एवं नामांतरण की कर निर्धारण प्रक्रिया को अब मानक उपविधि 2025 के तहत एकरूप और पारदर्शी बनाया जाएगा। एक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गयी। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि इस कदम से यह प्रक्रिया सस्ती, सरल और सुगम होगी। बयान के मुताबिक, सभी नगरीय निकायों में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और वित्तीय मजबूती सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में संपत्ति के हस्तांतरण एवं नामांतरण की कर निर्धारण प्रक्रिया को अब मानक उपविधि के तहत एकरूप और पारदर्शी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह उपविधि उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड द्वारा तैयार की गई हैं और इसे सभी नगरीय निकायों के बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद लागू किया जाएगा।

# पंजाब के गुरदासपुर में विस्फोट के बाद एक खेत में 15 फुट गहरा गड्ढा बन गया

**गुरदासपुर/फगवाड़ा :** पश्चिमी सीमा पर सशस्त्रबलों द्वारा पाकिस्तानी ड्रोन, लंबी दूरी के हथियारों और अन्य हथियारों के हमलों को नाकाम किये जाने के बीच पंजाब में गुरदासपुर जिले के राजुबेला छिछरान गांव में शनिवार को एक 'विस्फोट' के बाद एक खेत में 15 फुट गहरा गड्ढा बन गया। इसी तरह, फगवाड़ा जिले के खलयान और साहनी गांवों के बीच शनिवार तड़के एक खेत में अज्ञात वस्तु गिरी जिससे गड्ढा हो गया। इन घटनाओं में कोई हताहत नहीं हुआ। अमृतसर के ब्यास, जालंधर, पठानकोट और तरनतारन जिलों के दुबली गांव में अज्ञात मिसाइल का मलबा पाया गया। अधिकारियों ने लोगों से कहा है कि वे जमीन पर पड़े किसी भी



अज्ञात मिसाइल के किसी भी हिस्से को न छुएं तथा इसके बारे में स्थानीय पुलिस को सूचित करें। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दिये जाने के बाद मलबे की जांच के लिए सैन्य अधिकारियों को बुलाया गया। शनिवार सुबह पुलिस ने उन जगहों की घेराबंदी कर दी, जहां अज्ञात वस्तुओं के धातु के हिस्से पाए गए थे। गुरदासपुर के राजुबेला छिछरान गांव के निवासियों ने बताया कि शनिवार तड़के जोरदार धमाके के बाद करीब 35 फीट चौड़ा और 15 फीट गहरा गड्ढा बन गया। एक ग्रामीण ने बताया, ''सुबह करीब चार बजकर 50 मिनट पर एक बड़ा धमाका हुआ। इसके कारण आस-पास के घरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए।'' पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है लेकिन बिजली के तारों को नुकसान पहुंचा है। खेत में गड्ढे के बारे में पता चलने पर युवाओं समेत कई उत्सुक ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और अपने मोबाइल फोन से तस्वीरें खींचने लगे। फगवाड़ा जिले के खलयान और साहनी गांवों के बीच शनिवार तड़के एक खेत में अज्ञात वस्तु गिरी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

### घबराने की जरूरत नहीं, जम्मू-कश्मीर में आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त आपूर्ति है : सरकार

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर सरकार ने शनिवार को लोगों से शांत रहने और नहीं घबराने की अपील करते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि खाद्यान्न, पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस सहित आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी नहीं है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री सतीश शर्मा ने भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य संघर्ष के मद्देनजर जनता से यह अपील की है। मंत्री ने कहा, ''आम जनता से शांत रहने और नहीं घबराने की अपील की जाती है। पूरे केंद्र शासित प्रदेश में खाद्यान्न, पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी सहित आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी नहीं है।'' उन्होंने कहा कि सभी वितरण केन्द्रों पर पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा नियमित आपूर्ति बनाये रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किये गये हैं।

## पाकिस्तान ने हमेशा आतंकवाद को पनाह और बढ़ावा दिया है : हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान ने हमेशा आतंकवाद को पनाह और उसे बढ़ावा दिया है तथा उसके मंत्री गैर-जिम्मेदाराना तरीके से चरमपंथी गतिविधियों का समर्थन करते हैं। यहां आयोजित सर्वधर्म सद्भाव बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल ने सभी धर्म गुरुओं और समुदाय के अनुयायियों से सामूहिक रूप से पाकिस्तान द्वारा किए जा रहे ''विभाजनकारी दुष्प्रचार'' की निंदा करने और सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से फैलाई जा रही गलत सूचनाओं के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी ताकत भारत की एकता और अखंडता को कमजोर नहीं कर सकती तथा सामूहिक प्रयासों के माध्यम से जन जागरूकता को मजबूत किया जाना चाहिए। यहां जारी एक बयान में कहा गया कि बैठक में विभिन्न धार्मिक समुदायों के प्रतिनिधि और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मौजूद थे। राज्यपाल ने कहा, ''पाकिस्तान ने हमेशा आतंकवाद को पनाह दी है और उसे बढ़ावा दिया है। यहां तक कि पाकिस्तानी सेना भी आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में भाग लेती है और संवेदना व्यक्त करती है, जबकि उसके मंत्री गैर-जिम्मेदाराना तरीके से चरमपंथी गतिविधियों का समर्थन करते हैं।'' इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी देश या इसके सांस्कृतिक ताने-बाने को खतरा उत्पन्न हुआ है, भारतीयों ने राष्ट्र के लिए बलिदान देने में कभी संकोच नहीं किया है। उन्होंने कहा कि भारत की धार्मिक विविधता, एकता और आस्था की समृद्ध विरासत सामूहिक रूप से राष्ट्र की एकजुटता में योगदान देती है।

## राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता मेकअप आर्टिस्ट विक्रम गायकवाड का 61 वर्ष की आयु में निधन

**मुंबई :** राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता मेकअप आर्टिस्ट विक्रम गायकवाड का शनिवार को मुंबई के एक अस्पताल में 61 वर्ष की आयु में निधन हो गया। गायकवाड के छोटे भाई ने यह जानकारी दी। गायकवाड को 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' और 'पोन्नियिन सेलवन' जैसी फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है। गायकवाड के छोटे भाई डॉ. प्रसन्ना परांजपे ने जानकारी दी कि उन्हें तीन दिन पहले रक्तचाप की समस्या के कारण पवई के हीरानंदानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आज सुबह करीब साढ़े आठ बजे उनका निधन हो गया। गायकवाड के भाई ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''जब उन्हें भर्ती कराया गया था, तब वह बिल्कुल ठीक थे। हमें उम्मीद नहीं थी कि उनका इतनी जल्दी निधन हो जाएगा।'' विक्रम गायकवाड एक ऐसे मेकअप आर्टिस्ट थे, जिनका काम केवल बॉलीवुड (हिंदी फिल्म उद्योग) तक ही सीमित नहीं था। उन्होंने हिंदी, मराठी और दक्षिण भारतीय फिल्मों में भी बेहतरीन काम किया था। उन्होंने '83', 'शकुंतला देवी', 'तान्हाजी : द अनसंग वॉरियर', 'संजू', 'दंगल', 'पीके',



'3 इडियट्स' 'ओमकारा' आदि फिल्मों के लिये काम किया। उन्होंने 2012 में विद्या बालन अभिनीत 'डर्टी पिक्चर' के लिए सर्वश्रेष्ठ मेकअप कलाकार का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता, इसके बाद 2014 में उन्हें बांग्ला फिल्म 'जातिश्वर' के लिए भी उन्हें यह पुरस्कार मिला। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गायकवाड के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''विक्रम गायकवाड का निधन हम सभी के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपनी अद्वितीय कला के माध्यम से पर्दे पर हर किरदार को जीवंत और प्रामाणिक रूप में प्रस्तुत किया।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### अमृतसर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाक के कई ड्रोन को नष्ट किया गया : रक्षा सूत्र

**अमृतसर :** भारतीय सेना की वायु रक्षा इकाइयों ने शनिवार सुबह पंजाब के अमृतसर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के बाद पाकिस्तान द्वारा उड़ाए गए कई विस्फोटक ड्रोन को नष्ट कर दिया। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि 'बायकर वाईआईएचए-3 मॉडल' के इन ड्रोन को सुबह करीब पांच बजे छोड़ा गया और वे घनी आबादी वाले रिहायशी क्षेत्रों की ओर बढ़ रहे थे। सूत्रों ने बताया कि भारतीय सेना की वायु रक्षा प्रणाली ने त्वरित प्रतिक्रिया करते हुए भारतीय वायु क्षेत्र में प्रवेश करने के कुछ ही सेकंड के भीतर ड्रोन का पता लगा लिया और उन्हें नष्ट कर दिया। उन्होंने बताया कि सीमा पर तैनात त्वरित प्रतिक्रिया वायु रक्षा तोपों का उपयोग करके ड्रोन को मार गिराया गया। सूत्रों ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने या नागरिक संपत्ति को नुकसान पहुंचने की कोई खबर नहीं है।

### सरकार ने मीडिया चैनलों से अपने कार्यक्रमों में सायरन की आवाज का इस्तेमाल नहीं करने को कहा

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शनिवार को सभी मीडिया चैनलों को सलाह दी कि वे सामुदायिक जागरूकता अभियान के अलावा अपने कार्यक्रमों में नागरिक सुरक्षा हवाई हमले के सायरन की आवाज का इस्तेमाल करने से बचें। अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड महानिद-शालय ने एक परामर्श में कहा कि नागरिक सुरक्षा अधिनियम, 1968 के तहत प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, सभी मीडिया चैनलों से अनुरोध किया जाता है कि वे समुदाय को जागरुक करने के अलावा अपने कार्यक्रमों में नागरिक सुरक्षा हवाई हमलों के सायरन की आवाज का इस्तेमाल करने से परहेज करें। परामर्श में कहा गया है कि सायरन के नियमित इस्तेमाल से हवाई हमलों के सायरन के प्रति नागरिकों की संवेदनशीलता कम हो सकती है और वास्तविक हवाई हमलों के दौरान इसका इस्तेमाल होने पर नागरिक इसे सामान्य मामला समझ सकते हैं।

### महाराष्ट्र: साइबर पुलिस ने भारत-पाक सैन्य संघर्ष पर 5000 फर्जी पोस्ट सोशल मीडिया मंच से हटाए

**मुंबई :** महाराष्ट्र की साइबर पुलिस ने भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के बारे में फर्जी खबरों और गलत सूचना से जुड़े 5000 पोस्ट को सोशल मीडिया मंच से हटा दिया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, सेना की गतिविधियों, रणनीतिक अभियानों या पड़ोसी देशों की जवाबी कार्रवाइयों के बारे में फर्जी खबरें सोशल मीडिया पर पाई गईं। अधिकारी ने बताया कि साइबर अपराध का पता लगाने वाली एजेंसी ने सैन्य संघर्ष से संबंधित फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं के प्रसार को लेकर परामर्श भी जारी किया है। उन्होंने कहा कि ऐसी असत्यापित और भ्रामक सामग्री राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है तथा संघर्ष को बढ़ाने में योगदान दे सकती है।

## जम्मू कश्मीर: राजौरी में पाकिस्तानी गोलाबारी में अधिकारी की मृत्यु, लोगों ने दुख जताया

**जम्मू :** पाकिस्तान की ओर से शनिवार तड़के की गई गोलाबारी में जान गंवाने वाले जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक सेवा (जेकेएएस) अधिकारी राज कुमार थापा अपने पेशेवर समर्पण और जन हितैषी दृष्टिकोण के लिए जाने जाते थे। उनकी मृत्यु के बाद केंद्र शासित प्रदेश में शोक व्याप्त है। एमबीबीएस स्नातक थापा 2001 में जेकेएएस में शामिल हुए थे। थापा (54) को उनकी अटूट पेशेवर निष्ठा और मिलनसार स्वभाव के लिए जाना जाता था। अधिकारियों ने बताया कि सीमावर्ती जिले राजौरी के अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त राज कुमार थापा के सरकारी आवास पर एक गोला गिरने के कारण उनकी जान चली गई। थापा के परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं। थापा की पत्नी एक डॉक्टर हैं। थापा को पिछले साल मार्च में राजौरी में अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त के पद पर तैनात किया गया था और उन्होंने बदहाल गांव में स्थिति को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी जब सात दिसंबर से 19 जनवरी के बीच रहस्यमय बीमारी के कारण 13 बच्चों सहित तीन परिवारों के 17 सदस्यों की मौत हो गई थी। राजौरी में तैनाती से पहले थापा ने 2009 से 2014 तक पूर्व उपमुख्यमंत्री तारा चंद के विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) के रूप में कार्य किया, इसके अलावा उन्होंने जम्मू कश्मीर कौशल विकास मिशन के निदेशक और श्रम एवं रोजगार विभाग में विशेष सचिव सहित महत्वपूर्ण पदों पर काम किया था।

## उद्धव की शिवसेना अपने रुख से समझौता नहीं करती, लड़ने में रखती है विश्वास: संजय राउत

**मुंबई :** शिवसेना-उद्धव बाल-ासाहेब ठाकरे (उबाठा) के सांसद संजय राउत ने शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट के एक वर्ग का अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ विलय होने संबंधी अटकलों के बीच राकंपा (शरदचंद्र पवार) पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी अपने रुख से कभी समझौता नहीं करती बल्कि लड़ाई करना पसंद करती है। राउत ने कहा कि शिवसेना (उबाठा) के नेताओं के पास सहकारी चीनी मिल और शैक्षणिक संस्थान नहीं हैं, जो राकांपा और राकांपा (शरदचंद्र पवार) के



नेताओं को मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि राकांपा (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार, पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले, उपमुख्यमंत्री अजित पवार और दोनों गुटों के अन्य नेता शुक्रवार को सातारा में रयत शिक्षण संस्था की बैठक में शामिल हुए। शरद पवार, रयत शिक्षण संस्था के अध्यक्ष हैं। राउत ने जून 2022 में एकनाथ शिंदे के शिवसेना में विभाजन करने का जिक्र करते हुए कहा, वे (शरद पवार और अजित पवार) पहले से ही एक साथ हैं। वे हमारे जैसे नहीं हैं। हमारा स्वाभिमानी रुख उन लोगों से हाथ मिलाने का नहीं है, जिन्होंने हमारी पार्टी को तोड़ा, हमारी सरकार को गिराया, सत्ता और पैसे का दुरुपयोग किया तथा महाराष्ट्र की पीठ में छुरा घोंपा।

## डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे का नाम बदलकर भूपेन हजारिका के नाम पर रखा जाएगा: हिमंत विश्व शर्मा

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि मंत्रिमंडल ने इस वर्ष भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी के अवसर पर डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे का नाम बदलकर उनके (भूपेन हजारिका) नाम पर रखने को शनिवार को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस संबंध में प्रस्ताव पारित करने और उसे केंद्र सरकार को भेजने के लिए विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, असम मंत्रिमंडल ने असम चाय श्रमिक वित्तीय सहायता योजना, 2025 को मंजूरी दी है। राज्य बजट में किए गए वादे के अनुसार, इस योजना के तहत लगभग सात लाख श्रमिकों को 5,000 रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता दी



जाएगी। शर्मा ने कहा कि मंत्रिमंडल ने 'असम इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग टॉप-अप स्कीम, 2025' को भी मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत भारत सरकार द्वारा 'इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग' योजना के तहत प्रदान किए गए प्रोत्साहन पर 60 प्रतिशत अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाएगी। मंत्रिमंडल ने सहकारी समितियों के पंजीकरण शुल्क को सहकारी समितियों की प्रस्तावित अधिकृत शेयर पूंजी के एक प्रतिशत से घटाकर 0.5 प्रतिशत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल ने स्नातकों और शोधार्थियों के लिए मुख्यमंत्री की 'जीवन प्रेरणा योजना' के क्रियान्वयन को भी मंजूरी दे दी है, जिसे अक्टूबर 2025 से लागू किया जाएगा। इसके तहत राज्य के स्थायी निवासी और पात्र स्नातकों को एक वर्ष के लिए 2,500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। शर्मा ने कहा कि असम के सरकारी विश्वविद्यालयों में शोध कर रहे शोधार्थियों और विशेष रूप से सक्षम शोधार्थियों को क्रमशः 20,000 रुपये और 40,000 रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' ट्रेडमार्क का पंजीकरण रोकने के लिए न्यायालय में याचिका दायर

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर प्राधिकारों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वे ''ऑपरेशन सिंदूर'' नाम से ट्रेडमार्क के पंजीकरण की अनुमति न दें। याचिका में कहा गया है कि इसका व्यावसायिक दोहन के लिये दुरुपयोग नहीं करने दिया जाना चाहिए। पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के गढ़ समेत नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 26 लोगों की हत्या के दो सप्ताह बाद ''ऑपरेशन सिंदूर'' के तहत सैन्य हमले किए गए। देव आशीष दुबे नामक व्यक्ति द्वारा उच्चतम न्यायालय में दायर याचिका में कहा गया है कि पांच लोगों ने संबंधित ट्रेडमार्क रजिस्ट्री में शिक्षा और मनोरंजन जैसी सेवाओं से संबंधित वर्ग 41 के तहत ''ऑपरेशन सिंदूर'' नाम और शैली के तहत ट्रेडमार्क पंजीकरण के लिए आवेदन किया है। अधिवक्ता ओम प्रकाश परिहार के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है, '''ऑपरेशन सिंदूर' से ना केवल देश के लोगों की, बल्कि देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों और 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की भी भावनाएं जुड़ी हैं।''

## मानसून के 27 मई को केरल पहुंचने की संभावना: आईएमडी

**नयी दिल्ली :** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के 27 मई को केरल पहुंचने की संभावना है, जो आमतौर पर एक जून को दस्तक देता है। आईएमडी के आंकड़े के अनुसार, यदि मानसून केरल में उम्मीद के अनुरूप पहुंचता है, तो यह 2009 के बाद से भारतीय मुख्य भूमि पर मानसून का समय से पहले आगमन होगा। तब मानसून 23 मई को आया था। आमतौर पर, दक्षिण-पश्चिम मानसून एक जून तक केरल में दस्तक देता है और 8 जुलाई तक पूरे देश में छा जाता है। यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू कर देता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है। आईएमडी ने अप्रैल में 2025 के मानसून में सामान्य से अधिक कुल वर्षा का पूर्वानुमान जताया था और अल नीनो परिस्थितियों की संभावना को खारिज कर दिया था, जो भारतीय उपमहाद्वीप में सामान्य से कम वर्षा से जुड़ी है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में सचिव एम रविचंद्रन ने कहा था, ''भारत में चार महीने के मानसून (जून से सितंबर) में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है।''

## पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश को 'पराली सुरक्षा बल' गठित करने का निर्देश

**नयी दिल्ली :** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश को पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर 'पराली सुरक्षा बल' गठित करने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को जारी आदेश में सीएक्यूएम ने प्राधिकारियों से इन राज्यों के गांवों के सभी खेतों का मानचित्र बनाने को कहा, ताकि धान की पराली के प्रबंधन के लिए सबसे उपयुक्त उपायों का निर्धारण किया जा सके। इन उपायों में फसल विविधीकरण, पराली का मूल स्थान पर प्रबंधन और इसका चारे के रूप में इस्तेमाल शामिल है। सीएक्यूएम दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) और आसपास के इलाकों के लिए वायु प्रदूषण नियंत्रण रणनीति तैयार करता है। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पराली जलाने की घटनाएं दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण के मुख्य कारणों में से एक हैं। सीएक्यूएम ने तीनों राज्यों से जिला/ब्लॉक स्तर पर समर्पित पराली सुरक्षा बल गठित करने को कहा। इस बल में पुलिस अधिकारी, कृषि अधिकारी और अन्य अधिकारी शामिल होंगे, जो धान की पराली जलाने की घटनाओं पर नजर रखेंगे और उन्हें रोकेंगे। आयोग के मुताबिक, तीनों राज्यों से गश्त बढ़ाने को भी कहा गया है, खासकर देर शाम के समय में, जब किसान उपग्रह निगरानी से बचने का प्रयास कर सकते हैं।

## एससी/एसटी अत्याचार हेल्पलाइन पर 2021 से 6.5 लाख से अधिक कॉल आईं, उत्तर प्रदेश से सबसे ज्यादा

**नयी दिल्ली :** दिसंबर 2021 में हेल्पलाइन शुरू होने के बाद से अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के खिलाफ अत्याचारों के संबंध में राष्ट्रीय हेल्पलाइन अगेंस्ट एट्रोसिटीज (एनएचएए) को 6.5 लाख से अधिक फोनकॉल प्राप्त हुई हैं, जिनमें से लगभग आधी कॉल उत्तर प्रदेश से आई हैं। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। इन फोनकॉल में से 7,135 शिकायतें आधिकारिक तौर पर दर्ज की गईं और 4,314 का समाधान किया गया। एससी और एसटी के सदस्यों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई यह हेल्पलाइन अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के उचित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए हिंदी, अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में चौबीसों घंटे चालू है। इन शिकायतों में मारपीट, सामाजिक बहिष्कार, जाति-आधारित दुर्व्यवहार, भूमि हड़पने और सार्वजनिक स्थानों तक पहुंच से वंचित करने की घटनाओं से लेकर अत्याचार के मामलों में पुलिस की निष्क्रियता के आरोप शामिल हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली अधिकांश कॉल पूछताछ, कानूनी मार्गदर्शन के अनुरोध या ऐसी रिपोर्ट से संबंधित होती हैं जिनमें औपचारिक रूप से शिकायत के रूप में पंजीकृत करने के लिए पर्याप्त विवरण का अभाव होता है। केवल वे कॉल जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत अत्याचार की विशिष्ट घटनाओं से संबंधित हों और कानूनी कार्रवाई के मानदंडों को पूरा करती हों, उन्हें आधिकारिक शिकायत में परिवर्तित किया जाता है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अनुसार, अकेले उत्तर प्रदेश में 3,33,516 कॉल आईं, जिनमें से 1,825 औपचारिक रूप से शिकायत के तौर पर पंजीकृत की गईं और 1,515 का समाधान किया गया।

## हैदराबाद में शुरू हुई मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता 2025

**हैदराबाद :** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता शनिवार को शुरू हुई। मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भाग ले रही प्रत्येक प्रतिभागी एक अनूठी सांस्कृतिक पहचान और एक मिशन को मंच पर प्रस्तुत करेंगी, जो प्रतियोगिता की विषय वस्तु 'उद्देश्यपूर्ण सौंदर्य' को दर्शाता है। भारत, अमेरिका, वेनेजुएला और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों और ग्वाडेलोप, जिब्राल्टर, मार्टीनिक और कुराकाओ जैसे क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली कुल 110 प्रतिभागी पहले ही हैदराबाद पहुंच चुकी हैं। सरकारी सूत्रों के अनुसार, अगले कुछ दिन में छह से अधिक प्रतिभागियों के आने की उम्मीद है। प्रतियोगिता 31 मार्च तक जारी रहेगी। फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2023 की विजेता नंदिनी गुप्ता इस कार्यक्रम में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को तेलंगाना के विभिन्न पारंपरिक नृत्य रूपों के माध्यम से मंच पर पेश किया गया। इस भव्य कार्यक्रम की शुरुआत तेलंगाना के राज्य गीत के साथ हुई, जिसके बाद 250 कलाकारों ने शानदार 'पेरीनी' नाट्य प्रस्तुत किया।

## मप्र, महाराष्ट्र ने 'ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना' के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**भोपाल :** मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र ने शनिवार को 'ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना' को संयुक्त रूप से शुरू करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अधिकारियों ने इस परियोजना को दुनिया का सबसे बड़ा भूजल पुनर्भरण कार्यक्रम बताया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस परियोजना से दोनों राज्यों के लोगों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना विदर्भ के अकोला, बुलढाणा और अमरावती जिलों में खारे भूजल की समस्या को दूर करने में मदद करेगी। फडणवीस, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ परियोजना को संयुक्त रूप से




क्रियान्वित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे। फडणवीस ने कहा, इस परियोजना से दोनों राज्यों को लाभ होगा। यह महाराष्ट्र के लिए आवश्यक है, खासकर उन जगहों के लिए जहां खारे पेयजल की समस्या है। इससे अकोला, बुलढाणा और अमरावती (पूर्वी महाराष्ट्र में) के 'खारे पानी वाले क्षेत्र' की संरचना बदल जाएगी। इन इलाकों में रहने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। मध्यप्रदेश के सिंचाई मंत्री तुलसी सिलावट और उनके महाराष्ट्र समकक्ष गिरीश महाजन भी समारोह में मौजूद थे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश भाई की तरह हैं। फडणवीस ने याद दिलाया कि पूर्वी महाराष्ट्र का विदर्भ क्षेत्र कभी मध्यप्रदेश का हिस्सा था। उन्होंने कहा, मैं नागपुर से हूं जो कभी मध्यप्रदेश की राजधानी हुआ करता था (तब इसे 'मध्य प्रांत और बरार' कहा जाता था)। हमारा पुराना रिश्ता है। फडणवीस ने कहा कि करार पर हस्ताक्षर करने से पहले, जल मुद्दों पर मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र अंतर-राज्यीय नियंत्रण बोर्ड की बैठक 25 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद हुई।

## युद्ध विराम हो या न हो, भारत को पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों का पीछा करना चाहिए: ओवैसी

**हैदराबाद :** भारत और पाकिस्तान के तत्काल युद्ध विराम पर सहमत होने के बाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि युद्ध विराम हो या न हो, भारत को पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकवादियों का पीछा करना जारी रखना चाहिए। 'एक्स' पर एक पोस्ट में हैदराबाद के सांसद ने कहा कि वह चाहते थे कि किसी विदेशी (अमेरिका) राष्ट्रपति के बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युद्ध विराम की घोषणा करते। उन्होंने कहा, ''युद्ध विराम हो या न हो, हमें पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों का पीछा करना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि जब तक पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवाद के लिए अपने क्षेत्र का उपयोग करता रहेगा, तब तक कोई



स्थायी शांति नहीं हो सकती। ओवैसी ने कहा कि वह हमेशा बाहरी आक्रमण के खिलाफ सरकार और सशस्त्र बलों के साथ खड़े हैं और यह जारी रहेगा। 'ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन' (एआईएमआईएम) प्रमुख ने सशस्त्र बलों को उनकी बहादुरी और सराहनीय कौशल के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने सेना के जवान एम मुरली नाइक, एडीडीसी राज कुमार थापा को श्रद्धांजलि दी और संघर्ष के दौरान मारे गए या घायल हुए सभी नागरिकों के लिए प्रार्थना की। ओवैसी ने उम्मीद जताई कि संघर्ष विराम से सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बहुत राहत मिलेगी। उन्होंने भारतीयों और राजनीतिक दलों से पिछले दो हफ्तों पर विचार करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, ''भारत तब मजबूत होता है जब वह एकजुट होता है; जब भारतीय भारतीयों से लड़ते हैं तो हमारे दुश्मनों को फायदा होता है।'' हालांकि, उन्होंने कहा कि उनके पास कुछ सवाल हैं और उम्मीद है कि सरकार इस मामले पर स्पष्टता प्रदान करेगी।

### भारतीय पुरूष, मिश्रित चार गुणा 400 मीटर टीमें विश्व चैम्पियनशिप के लिये क्वालीफाई करने से चुकीं

**ग्वांगजू (चीन) :** भारतीय पुरूष और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर टीमें तोक्यो विश्व चैम्पियनशिप के लिये सीधे क्वालीफाई करने से चूक गईं और यहां शनिवार को विश्व एथलेटिक्स रिले के पहले दिन पांचवें स्थान पर रहीं। दोनों टीमों को 13 से 21 सितंबर तक होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में जगह बनाने का एक और मौका रविवार को मिलेगा। भारत की चार गुणा 400 मीटर मिश्रित टीम (जय कुमार, स्नेहा कोल्लेरी, धरमवीर चौधरी और रूपल चौधरी) ने मिनट 16 . 85 सेकंड का समय निकालकर सात टीमों की तीसरी हीट में पांचवें स्थान पर रहे। हर हीट से शीर्ष दो टीमें और बाकी में से सबसे तेज समय निकालने वाली दो टीमें विश्व चैम्पियनशिप और विश्व एथलेटिक्स रिले फाइनल के लिये क्वालीफाई करने में कामयाब रहीं। भारत को तोक्यो विश्व चैम्पियनशिप में जगह बनाने का एक और मौका रविवार को मिलेगा। भारतीय चौकड़ी चौथी हीट में बोत्स्वाना, इटली, जर्मनी, युगांडा और कनाडा का सामना करेगी।

# गिल और पंत भारतीय टेस्ट टीम की जिम्मेदारी संभालने को तैयार, कोहली पर बीसीसीआई चुप



**नयी दिल्ली :** प्रतिभाशाली बल्लेबाज शुभमन गिल को टेस्ट में भारतीय टीम की कमान सौंपी जा सकती है जबकि खेल के इस पारंपरिक प्रारूप में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत नए उप-कप्तान होंगे। उप-कप्तान का चयन सरल लगता है क्योंकि पंत विदेशी परिस्थितियों में भारत के बेहतरीन टेस्ट बल्लेबाजों में से एक हैं और जसप्रीत बुमराह का कद इतना बड़ा है कि उन्हें उप-कप्तान की भूमिका के लिए नहीं चुना जा सकता है और साथ ही जब उनकी खुद की फिटनेस भी संदिग्ध है तो उनका पूरी श्रृंखला के लिए खेलना अनिश्चित है। पंत ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में शतकों के साथ 42 से अधिक के औसत से इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। वह इन देशों में सात बार 90 और 99 के बीच स्कोर बना चुके हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''अगर बुमराह कप्तान नहीं हैं तो उन्हें उप-कप्तानी की पेशकश करने का कोई मतलब नहीं है। '' क्रिकेट जगत जहां करिश्माई विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की इच्छा से हैरान है तो वहीं पता चला है कि चयन समिति ने इंग्लैंड में उन्हें कप्तानी सौंपने के विचार पर विचार किया है ताकि गिल को खुद को निखारने के लिए कुछ और समय मिल सके। अभी तक कोहली ने कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है और माना जा रहा है कि उन्हें इंग्लैंड में आगामी पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलने के लिए कहा जाएगा क्योंकि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनके अनुभव की जरूरत होगी, विशेषकर तब जब रोहित शर्मा ने भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। हालांकि बीसीसीआई ने कोहली के टेस्ट करियर के संबंध में उनसे हुई बातचीत पर चुप्पी साधी हुई है। पीटीआई ने चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया से संपर्क किया लेकिन उन्होंने अभी तक इस सवाल का जवाब नहीं दिया है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, ''यह सच है कि चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड श्रृंखला के लिए कोहली को भारतीय कप्तान बनाने के बारे में सोचा था। इससे गिल को कप्तानी की भूमिका में ढलने के लिए कुछ समय मिल जाता। बुमराह की फिटनेस समस्याओं के कारण अजीत अगरकर की समिति की पंसद गिल लग रहे हैं। ''केएल राहुल को विकल्प के रूप में नहीं माना जा रहा है क्योंकि वह पहले से ही 33 से अधिक उम्र के हैं और बेंगलुरु के इस खिलाड़ी के लिए निरंतरता एक मुद्दा रहा है, भले ही वह ऑस्ट्रेलिया में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक थे।

# अनाहत और अभय ने विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप में जीत से शुरुआत की



**शिकागो (अमेरिका) :** भारत की युवा खिलाड़ी अनाहत सिंह ने यहां दुनिया की 28वें नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी मरीना स्टेफानोनी को हराकर विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। दुनिया में 62वें नंबर की 17 वर्षीय अनाहत ने पहले गेम में हार से उबरते हुए शुक्रवार को इस टूर्नामेंट के महिला एकल के शुरुआती दौर में 10-12, 11-9, 6-11, 11-6, 11-6 से जीत हासिल की। अनाहत को अगले दौर में दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी फ़ायरोज़ अबोएलखिर की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा, जिन्होंने इस 656,500 अमेरिकी डॉलर इनामी टूर्नामेंट के पहले दौर के मुकाबले में मिस्र की हाना मोताज़ को 3-1 से हराया। भारत के अभय सिंह ने भी जीत से शुरुआत करते हुए दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी निकोलस मुलर को बाहर का रास्ता दिखाया। विश्व में 38वीं रैंकिंग के खिलाड़ी अभय सिंह ने पुरुष एकल के अपने शुरुआती दौर के मैच में अपने स्विस प्रतिद्वंद्वी को 11-7, 2-11, 11-7, 11-6 से हराया।

### आईपीएल निलंबन के बाद भारत से रवाना हुए विदेशी खिलाड़ी

**नयी दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण आईपीएल एक हफ्ते के लिये स्थगित होने के बाद टीमों के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी शनिवार को अपने अपने देश लौट गए। जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार का मैच बीच में ही रद्द होने के एक दिन बाद आईपीएल भी स्थगित कर दिया गया था। टूर्नामेंट स्थगित होने के बाद से खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ अपने अपने शहर लौटने लगे जबकि कई विदेशी खिलाड़ी भी लौट रहे हैं। आरसीबी के विदेशी खिलाड़ियों में टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, फिल साल्ट , जोश हेजलवुड, लुंगी एंगिडि और नुवान तुषारा हैं। विदेशी सहयोगी स्टाफ में मुख्य कोच एंडी फ्लावर, गेंदबाजी कोच एडम गिफिथ, क्रिकेट परिचालन निदेशक मो बोबाट, टीम फिजियो इवान स्पीचली और विशेषज्ञ फ्रेडी विल्डे शामिल हैं।

## मधुरा के महिला एकल में स्वर्ण के साथ तीरंदाजी विश्व कप में तीन पदक जीते




**शंघाई :** मधुरा धामनगांवकर ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण दो में स्वप्निल प्रदर्शन करते हुए अमेरिका की कार्सन क्रेहे पर 139-138 की शानदार जीत के साथ अपना पहला व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक जीता। मधुरा को तीन साल से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा नहीं करने के कारण विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में जगह नहीं मिली है। वह तीसरे गेम में सात अंक के निशाने के बाद 81-85 से पीछे चल रही थीं। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि दबाव में शानदार संयम दिखाया और लगभग चौथे गेम में सिर्फ एक अंक गवां कर स्कोर 110-110 पर बराबर कर लिया। मधुरा ने निर्णायक गेम में दो 10 के निशाने लगाये और ये दोनों केंद्र के बिलकुल करीब थे। उन्होंने तीसरे प्रयास में नौ के निशाने के साथ क्रेहे को पछाड़ दिया। यह मधुरा का इस स्पर्धा में तीसरा पदक था, इससे पहले उन्होंने महिला टीम स्पर्धा में रजत और अभिषेक वर्मा के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने इन तीन पदकों के साथ तीन साल के बाद अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी में अपनी वापसी को यादगार बना दिया।

## भारतीय महिला टीम के सामने त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में श्रीलंका की मुश्किल चुनौती

**कोलंबो :** भारतीय महिला टीम रविवार को यहां होने वाले त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ हर विभाग में दमदार प्रदर्शन कर चैंपियन बनने की कोशिश करेगी। इस श्रृंखला में भारत को एकमात्र हार श्रीलंका के खिलाफ मिली है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में हालांकि टीम ने सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन किया और लीग चरण में चार मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर रही। श्रीलंका दो जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि दक्षिण अफ्रीका ने अपना अभियान चार मैचों में एक सफलता के साथ तीसरे और आखिरी पायदान पर खत्म किया। इस मुकाबले को जीतना भारत और श्रीलंका दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि इससे इस साल के अंत में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों में मदद मिलेगी। टूर्नामेंट में भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है जिसमें जेमिमा रोड्रिग्स ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक शतक (123) सहित 67 की औसत से अब तक 201 रन बनाये हैं। प्रतिका रावल (164), स्मृति मंधाना (148) और दीप्ति शर्मा (126) ने भी बल्ले से प्रभावी योगदान दिये हैं। दीप्ति की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 93 रन की पारी ने भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचने में मदद की और यह भी जता दिया कि जरूरत पड़ने पर टीम का निचला क्रम भी बल्ले से प्रभावी योगदान दे सकता है। कप्तान हरमनप्रीत कौर फाइनल में बड़ा स्कोर खड़ा कर श्रृंखला में बल्ले से अबतक की निराशा को पीछे छोड़ना चाहेगी।

## तीरंदाजी विश्व कप: मधुरा के शानदार प्रदर्शन से भारत ने कम्पाउंड वर्ग में पांच पदक जीते



**शंघाई :** मधुरा धामनगांवकर ने राष्ट्रीय टीम में तीन साल के बाद शानदार वापसी करते हुए शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण दो के कम्पाउंड वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण के साथ टीम स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक जीतकर भारत को बड़ी कामयाबी दिलायी। भारत ने शनिवार कम्पाउंड वर्ग में दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। मधुरा को तीन साल से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा नहीं करने के कारण विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में जगह नहीं मिली है। इस 24 साल की खिलाड़ी ने अमेरिका की कार्सन क्रेहे पर 139-138 की शानदार जीत के साथ अपना पहला व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र की अमरावती की इस खिलाड़ी ने इससे पहले महिला टीम स्पर्धा में रजत और अभिषेक वर्मा के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। मधुरा के लिए लिए हालांकि व्यक्तिगत स्वर्ण सबसे खास रहा क्योंकि उन्होंने उतार-चढ़ाव से भरे खिताबी मुकाबले में धैर्य बनाये रखा। वह तीसरे गेम में सात अंक के निशाने के बाद 81-85 से पीछे चल रही थीं। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि दबाव में शानदार संयम दिखाया और चौथे गेम में सिर्फ एक अंक गवां कर स्कोर 110-110 पर बराबर कर लिया।

# विदेश की खबरें

### बांग्लादेश भारत में चैनल ब्लॉक करने पर यूट्यूब से स्पष्टीकरण मांगेगा

**ढाका :** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शनिवार को कहा कि वह भारत में छह टीवी चैनलों को ब्लॉक करने के संबंध में यूट्यूब से स्पष्टीकरण मांगेगी। अंतरिम सरकार में डाक, दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के विशेष सहायक फैज अहमद तैयब ने कहा, 'हम यूट्यूब से स्पष्टीकरण मांगेंगे। यदि कोई स्पष्ट स्पष्टीकरण मिलता है, तो हम जवाबी कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे।'' तैयब ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि चैनलों को अवरुद्ध करने से भारत में रहने वाले बांग्लादेशियों के अधिकारों पर असर पड़ा है, जो ''उपभोक्ता अधिकारों के अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के विपरीत प्रतीत होता है।'' उनकी यह टिप्पणी मुख्यधारा के कई मीडिया प्रतिष्ठानों (जिनमें लोकप्रिय समाचार पत्र 'प्रथोम अलो' भी शामिल है) द्वारा यह दावा किए जाने के बाद आई है कि यूट्यूब ने सरकार के अनुरोध के बाद भारत में कम से कम छह टीवी चैनलों तक पहुंच प्रतिबंधित कर दी है।''

### उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में नौ सुर-क्षाकर्मियों की मौत

**पेशावर :** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक चौकी पर हुए हमले के बाद आतंकवादियों से लड़ते हुए कम से कम नौ सुर-क्षाकर्मियों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। शनिवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। उर्दू के दैनिक समाचार पत्र 'मशरिक' ने बताया कि आतंकवादियों ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दक्षिण वजीरिस्तान जिले के शाकाई तहसील में शुक्रवार को डांडा चौकी पर हमला किया। हालांकि, सेना की मीडिया शाखा की ओर से हमले के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। खबर में बताया गया है कि घायलों को त्वरित प्रतिक्रिया इकाई ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

# पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज ने शांति की पहल के लिए अमेरिकी नेतृत्व को शुक्रिया कहा



**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शांति स्थापित करने के लिए शनिवार को अमेरिकी नेतृत्व को धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई कि इससे क्षेत्र में मुद्दों के समाधान की नयी शुरुआत होगी। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान और भारत के बीच संघर्ष विराम के संबंध में सोशल मीडिया पर यह टिप्पणी की। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनके नेतृत्व और क्षेत्र में शांति के लिए सक्रिय भूमिका को लेकर धन्यवाद देते हैं। पाकिस्तान इस परिणाम को सुगम बनाने के लिए अमेरिका की सराहना करता है, जिसे हमने क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के हित में स्वीकार किया है।'' शहबाज ने दक्षिण एशिया में शांति के लिए बहुमूल्य योगदान के लिए अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो को भी शुक्रिया कहा। उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान का मानना है कि यह उन मुद्दों के समाधान की दिशा में एक नयी शुरुआत है, जिन्होंने क्षेत्र को परेशान किया है और शांति, समृद्धि और स्थिरता के मार्ग को बाधित किया है।'' इससे पहले, शहबाज के बड़े भाई और तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान एक शांतिप्रिय देश है, लेकिन वह अपनी रक्षा करना भी जानता है।'' उनकी यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यह घोषणा किए जाने के बाद आई है कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं। नवाज ने कई दिनों की अशांति और तनाव के बाद पाकिस्तान और भारत के बीच हुए संघर्ष विराम समझौते पर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पाकिस्तान एक शांतिप्रिय देश है और अमन पसंद करता है, लेकिन यह भी जानता है कि अपनी रक्षा कैसे करनी है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) पार्टी के प्रमुख नवाज शरीफ ने नागरिक और सैन्य नेतृत्व को बधाई दी। उन्होंने कहा, पाकिस्तान को गौरवान्वित करने के लिए अल्लाह का शुक्रिया। मैं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर सिंधु और पाकिस्तान के सशस्त्र बलों को बधाई देता हूं। पूर्व विदेश मंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि पाकिस्तान ने हमेशा बातचीत और कूटनीति को शांति का एकमात्र व्यावहारिक रास्ता माना है और युद्ध, हिंसा और आक्रामकता कभी भी इसका जवाब नहीं हैं।

## भारत एवं पाकिस्तान के बीच तनाव को लेकर गंभीर रूप से चिंतित हैं: सिंगापुर

**सिंगापुर :** सिंगापुर ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच जारी ''सैन्य टकराव'' को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है और उसने दोनों पक्षों से तनाव कम करने का आग्रह किया है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा मंगलवार देर रात को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए सटीक हमलों के बाद दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। पाकिस्तान ने शुकवार को लगातार दूसरी रात जम्मू कश्मीर से लेकर गुजरात तक 26 स्थानों पर ड्रोन हमले किए तथा रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दुश्मन द्वारा हवाई अड्डों और एयरबेस सहित महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर किए गए हमलों को विफल कर दिया गया। पाकिस्तान द्वारा यह ताजा हमला ऐसे समय में हुआ जब एक दिन पहले ही भारत ने पाकिस्तानी सेना द्वारा ड्रोन और मिसाइल के जरिए भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने के प्रयासों को विफल कर दिया था। सिंगापुर के विदेश मंत्रालय (एमएफए) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, ''जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए जघन्य आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य टकराव को लेकर सिंगापुर गंभीर रूप से चिंतित है।'' उसने कहा, ''हम दोनों पक्षों से कूटनीतिक माध्यमों से तनाव कम करने और सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं।'' सिंगापुर ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की थी। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। विदेश मंत्रालय ने सिंगापुरवासियों को भारत में जम्मू-कश्मीर तथा पाकिस्तान की सभी गैर-जरूरी यात्राएं स्थगित करने की सात मई को सलाह दी थी।

### अफगान सरकार ने अफगानिस्तान में भारतीय मिसाइल गिरने के पाकिस्तानी दावे को गलत बताया

**इस्लामाबाद :** काबुल में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार ने शनिवार को पाकिस्तान के उस दावे को खारिज किया जिसमें कहा गया था कि एक भारतीय मिसाइल ने अफगानिस्तान के क्षेत्र को निशाना बनाया। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने कहा कि उसके यहां ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। हुर्रियत रेडियो के अनुसार, अफगान रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्ला ख्वारजमी ने पाकिस्तान के दावों को ''झूठा'' करार दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का दावा ''निराधार'' है। खामा प्रेस ने अफगान रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से कहा, ''अफगानिस्तान पूरी तरह सुरक्षित है। ऐसी कोई घटना नहीं हुई है।'' भारत ने पाकिस्तान के दावे को ''झूठा'' और ''पूरी तरह हास्यास्पद'' बताया। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने शनिवार सुबह दावा किया कि भारत द्वारा दागी गई मिसाइलों में से एक अफगान क्षेत्र में गिरी।

### यूक्रेन व उसके सहयोगी सोमवार से शुरू हो रहे 30 दिवसीय युद्धविराम के लिये तैयार

**कीव :** यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन और उसके सहयोगी सोमवार से कम से कम 30 दिनों के लिए रूस के साथ पूर्ण, बिना शर्त युद्ध विराम के लिए तैयार हैं। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब चार प्रमुख यूरोपीय देशों के नेताओं ने कीव का दौरा किया है, तथा मॉस्को पर लगभग तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति वार्ता शुरू करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। यह घटनाक्रम रूस द्वारा घोषित एकतरफा तीन दिवसीय युद्ध विराम के अंतिम दिन सामने आया है। तीन दिवसीय युद्ध विराम के बारे में यूक्रेन का कहना है कि क्रेमलिन की सेनाओं ने बार-बार इसका उल्लंघन किया है। मार्च में, अमेरिका ने तत्काल, सीमित 30-दिवसीय युद्धविराम का प्रस्ताव रखा था, जिसे यूक्रेन ने स्वीकार कर लिया था, लेकिन क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति कार्यालय) ने अपनी पसंद के अनुसार शर्तों पर जोर दिया था।

### भारत-पाक तनाव के बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने परमाणु हथियार के विकल्प पर विचार से इनकार किया

**लाहौर :** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत-पाकिस्तान तनाव के मद्देनजर शनिवार को कहा कि परमाणु हथियार का विकल्प अभी उनके समक्ष नहीं है। आसिफ ने जियो न्यूज से कहा, फिलहाल परमाणु विकल्प पर विचार नहीं किया जा रहा है। हालांकि, अगर ऐसी स्थिति आती है तो 'निरीक्षकों' पर भी इसका असर पड़ेगा। उन्होंने कहा, मैं दुनिया को बता रहा हूं कि यह केवल इस क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, यह बहुत व्यापक हो सकता है... यह विनाश है। भारत की ओर से उत्पन्न की जा रही स्थिति को देखते हुए हमारे विकल्प कम होते जा रहे हैं। आसिफ ने कहा कि राष्ट्रीय कमान प्राधिकरण (एनसीए) की कोई बैठक नहीं बुलाई गई है। एनसीए पाकिस्तान के परमाणु हथियारों के बारे में परिचालन संबंधी निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार है।

### अफगान सरकार ने अफगानिस्तान में भारतीय मिसाइल गिरने के पाकिस्तानी दावे को गलत बताया

**इस्लामाबाद :** काबुल में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार ने शनिवार को पाकिस्तान के उस दावे को खारिज किया जिसमें कहा गया था कि एक भारतीय मिसाइल ने अफगानिस्तान के क्षेत्र को निशाना बनाया। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने कहा कि उसके यहां ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। हुर्रियत रेडियो के अनुसार, अफगान रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्ला ख्वारजमी ने पाकिस्तान के दावों को ''झूठा'' करार दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का दावा ''निराध-र'' है। खामा प्रेस ने अफगान रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से कहा, ''अफगानिस्तान पूरी तरह सुरक्षित है। ऐसी कोई घटना नहीं हुई है।'' भारत ने पाकिस्तान के दावे को ''झूठा'' और ''पूरी तरह हास्यास्पद'' बताया।

### सोवियत युग का अंतरिक्ष यान 53 साल तक कक्षा में फंसे रहने के बाद पृथ्वी पर गिरा

**केप केनवरल (अमेरिका) :** शुक्र ग्रह पर अपने असफल प्रक्षेपण के आधी सदी से भी अधिक समय बाद सोवियत युग का एक अंतरिक्ष यान शनिवार को पृथ्वी पर गिर गया। यूरोपीय संघ की अंतरिक्ष निगरानी एजेंसी ने इसके अनियंत्रित रूप से वायुमंडल में प्रवेश करने की पुष्टि की। एजेंसी के अंतरिक्ष मलबे से सबंधित कार्यालय ने भी संकेत दिया कि जर्मन राडार स्टेशन पर दिखाई न देने के बाद अंतरिक्ष यान धरती के वायुमंडल में पुनः प्रवेश कर गया। यह तुरंत पता नहीं चल पाया कि अंतरिक्ष यान ने वायुमंडल में कहां से प्रवेश किया। वैज्ञानिकों ने कहा कि अंतरिक्ष यान के मलबे से किसी के भी प्रभावित होने की संभावना बहुत कम है। वर्ष 1972 में सोवियत संघ द्वारा प्रक्षेपित किया गया, 'कोस्मोस 482' नामक अंतरिक्ष यान शुक्र ग्रह के लिए भेजे गए मिशन की श्रृंखला का हिस्सा था। लेकिन यह कभी पृथ्वी की कक्षा से बाहर नहीं निकल पाया और रॉकेट की खराबी के कारण वहीं फंस गया। असफल प्रक्षेपण के एक दशक के भीतर ही ज्यादातर अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर गिर गए लेकिन 'कोस्मोस 482' को इसमें 53 साल लग गए। विशेषज्ञों के अनुसार, 'लैंडर' टाइटेनियम से बना था और इसका वजन 495 किलोग्राम से अधिक था।

### यूक्रेन व उसके सहयोगी सोमवार से शुरू हो रहे 30 दिवसीय युद्धविराम के लिये तैयार

**कीव :** यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन और उसके सहयोगी सोमवार से कम से कम 30 दिनों के लिए रूस के साथ पूर्ण, बिना शर्त युद्ध विराम के लिए तैयार हैं। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब चार प्रमुख यूरोपीय देशों के नेताओं ने कीव का दौरा किया है, तथा मॉस्को पर लगभग तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति वार्ता शुरू करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। यह घटनाक्रम रूस द्वारा घोषित एकतरफा तीन दिवसीय युद्ध विराम के अंतिम दिन सामने आया है। तीन दिवसीय युद्ध विराम के बारे में यूक्रेन का कहना है कि क्रेमलिन की सेनाओं ने बार-बार इसका उल्लंघन किया है। मार्च में, अमेरिका ने तत्काल, सीमित 30-दिवसीय युद्धविराम का प्रस्ताव रखा था, जिसे यूक्रेन ने स्वीकार कर लिया था, लेकिन क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति कार्यालय) ने अपनी पसंद के अनुसार शर्तों पर जोर दिया था।

### बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाया



**ढाका/नयी दिल्ली :** मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शनिवार शाम को आतंकवाद विरोधी कानून के तहत पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर प्रतिबंध लगा दिया। यूनुस के कार्यालय ने कहा, इस संबंध में आधिकारिक राजपत्र अधिसूचना अगले कार्य दिवस पर जारी की जाएगी। बयान में कहा गया कि यह प्रतिबंध तब तक लागू रहेगा जब तक अवामी लीग और उसके नेताओं के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) में चल रही सुनवाई पूरी नहीं हो जाती, ताकि देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा की जा सके। सरकार ने यह भी कहा कि यह फैसला 2024 के जुलाई में हुए आंदोलन के नेताओं और कार्यकर्ताओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। इसके अलावा, यह फैसला अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में मुकदमा चलाने वाले शिकायतकर्ताओं और गवाहों की सुरक्षा के लिए भी लिया गया है। यूनुस की अध्यक्षता में हुई बैठक में आईसीटीकानून में भी बदलाव किया गया, जिससे अब किसी भी राजनीतिक पार्टी और उसके संगठनों पर मुकदमा चलाया जा सकता है।

वर्ष 10, पूर्णांक 4232 अंक 042, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in